# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार
11 मार्च 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 11 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579




## योगी सरकार के पांच बड़े फैसले:

# गेहूं खरीद से मेडिकल कॉलेजों तक के लिए निर्णय सैफई विकास के लिए भी अहम फैसला

लखनऊ। योगी सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक में बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए समय सीमा का निर्धारण किया गया है। आगे पढ़िए और जानें अहम फैसले...

राजधानी लखनऊ में सोमवार को सूबे की योगी सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक की गई। बैठक लोकभवन में आयोजित की गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।

**बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर बनेगा मेडिकल कॉलेज**- बलिया में मेडिकल कॉलेज बनाने का फैसला लिया गया था। यह स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर होगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में इसके लिए 14.05 एकड़ भूमि को निःशुल्क हस्तांतरण की मंजूरी दे दी गई।

शेष पेज 2 पर



### 10 हजार से 25 हजार रुपये के मूल्य वाले स्टांप पत्र अवैध करार, होंगे चलन से बाहर

लखनऊ । लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बैठक के बाद वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने फैसलों की जानकारी दी।

यूपी में अब 10 हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक के भौतिक स्टांप वैध नहीं माने जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके बाद अब 10 हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक के स्टांप पत्र चलन से बाहर हो जाएंगे। अब इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा। हालांकि, अधिसूचना जारी होने से पहले खरीदे गए पत्र 31 मार्च तक वापस किए जा सकेंगे या फिर प्रयोग किए जा सकेंगे।

#### बैठक में कई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए:

– बैठक में बलिया में मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए भूमि का निशुल्क हस्तांकरण करने की सहमति दी।

शेष पेज 2 पर

# राम मंदिर के बाद अब सीता माता मंदिर की बारी

## बिहार चुनाव से पहले अमित शाह का बड़ा ऐलान



नई दिल्ली। शाह ने कहा कि गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों ने इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य में उनका सम्मान, सुरक्षा और स्वागत है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में योगदान देने के लिए मिथिलांचल और बिहार के लोगों की सराहना की और कहा कि इस क्षेत्र में प्राचीन काल से लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है। ह्यशाश्वत मिथिला महोत्सव 2025ह्न कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी वादा किया कि सीता माता का एक भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जब मैं बिहार गया था, तो मैंने कहा था कि राम मंदिर तो बन गया, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा और यह भी कि जीवन को हर तरह से आदर्श कैसे बनाया जाए।

शाह ने कहा कि गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों ने इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य में उनका सम्मान, सुरक्षा और स्वागत है। मिथिला की भूमि रामायण और महाभारत के समय से ही बुद्धिजीवियों की भूमि रही है, जिसमें प्राचीन विदेह राज्य लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिलजुलकर रहेंगे, उन्हें कोई नहीं हरा सकता।

शेष पेज 2 पर

# क्या हटाई जाएगी औरंगजेब की कब्र? सीएम फडणवीस का आया बयान, कांग्रेस पर कसा तंज



मुबंई। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सतारा सांसद उदयनराजे भोसले, जो मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज हैं, द्वारा छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग के बाद आई है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने छत्रपति संभाजीनगर में मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग का समर्थन किया। लेकिन कहा कि यह कानून के दायरे में किया जाना चाहिए, क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकार ने इस स्थल को एएसआई के संरक्षण में रखा था। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सतारा सांसद उदयनराजे भोसले, जो मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज हैं, द्वारा छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग के बाद आई है।

शेष पेज 2 पर

## आरा तनिष्क शोरूम लूटकांड:

# दो घंटे के अंदर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लुटेरों से मुठभेड़, तीन झोले में आभूषण बरामद

आरा। बिहार पुलिस एक्शन में है। आरा में तनिष्क शोरूम से लूट कांड के करीब दो घंटे बाद ही दो अपराधियों को पुलिस ने घेर लिया। घिरते देख अपराधियों ने फायरिंग की तो मुठभेड़ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीन झोले में ज्वेलरी बरामद हुई है।

बिहार में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब न केवल छोटे दुकानदार, बल्कि ब्रांडेड ज्वेलरी शोरूम भी उनके निशाने पर आ गए हैं। हाल ही में भोजपुर के आरा, सारण के सहाजितपुर और पूर्णिया में हुई लगातार लूट की घटनाओं ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है।



भोजपुर के आरा स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में 10 मार्च 2025 सोमवार को हुए लूटकांड ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी। पुलिस द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार, लूट को अंजाम देने के बाद अपराधी डोरीगंज के रास्ते छपरा की ओर भाग रहे थे। लूट के दो घंटे के अंदर बड़ी कार्रवाई कर बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटीपुल के पास उन्हें रोकने की कोशिश की। तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों में से एक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में दो अपराधी घायल हो गए। उनकी पहचान सारण जिले के दिघवारा निवासी विशाल गुप्ता (पिता भुनेश्वर प्रसाद) और सेमरा गांव, सोनोर के प्रदीप कुमार (पुत्र कुणाल कुमार) के रूप में हुई है। दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके पास से तीन झोले में ज्वेलरी बरामद हुई है।

**SIT का गठन, अन्य अपराधियों की तलाश जारी**

पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि घटना के मुख्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और शेष फरार अपराधियों की तलाश के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे गिरोह का पदार्फाश कर लिया जाएगा।

**सारण की आभूषण दुकान में लूट, विरोध करने पर चली गोल**- सारण जिलांतर्गत सहाजितपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ बाजार में 30 जनवरी 2025 को हुई लूट की घटना ने भी लोगों को झकझोर दिया। मोटरसाइकिल सवार अज्ञात अपराधियों ने दिन के करीब तीन बजे स्वर्ण व्यवसायी सुभाष कुमार की दुकान में लूटपाट की।

शेष पेज 2 पर

# राम मंदिर में अब प्रभु के दर्शन के साथ लीलाएं भी देख सकेंगे रामभक्त



अयोध्या ।अयोध्या में शानदार रामकथा संग्रहालय का भी निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने जानकारी दी।

राम मंदिर परिसर में अब सिर्फ रामलला के दर्शन ही नहीं होंगे बल्कि श्रद्धालु भगवान श्रीराम से संबंधित जो भी प्रसंग हैं, वह भी देख सकेंगे। भगवान राम के जन्म से लेकर लंका विजय तक की सारी लीलाएं अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से देख सकेंगे। राम मंदिर परिसर में एक वर्ष के अंदर रामकथा संग्रहालय यानी म्यूजियम भी बनकर तैयार हो जाएगा।

इस पर राम मंदिर भवन निर्माण समिति और राम मंदिर ट्रस्ट दोनों ने काम शुरू कर दिया है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को बताया कि म्यूजियम में कितनी गैलरी होगी, उसमें क्या रखा जाएगा, बैठक में यह सब तय कर लिया गया है।

शेष पेज 2 पर

# एक्सप्रेसवे की तुलना में एक्सेस-कंट्रोल हाईवे ज्यादा क्यों बनाए जा रहे हैं?

नई दिल्ली। एक्सप्रेसवे की तुलना में एक्सेस-कंट्रोल हाईवे की निर्माण गति कहीं ज्यादा तेज है। आइए, जानते हैं इसके पीछे की वजह।

देशभर में बनने वाले एक्सप्रेसवे ने सफर को काफी आसान बना दिया है, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होती है। इसी के साथ, कई जगहों पर एक्सेस-कंट्रोल हाईवे भी बनाए जा रहे हैं। हालांकि, एक्सप्रेसवे की तुलना में एक्सेस-कंट्रोल हाईवे की निर्माण गति कहीं ज्यादा तेज है। आइए, जानते हैं इसके पीछे की वजह।

**कितने एक्सप्रेस वे बन रहे हैं**

इस समय देश में पांच एक्सप्रेसवे और 22 एक्सेस-कंट्रोल हाईवे का निर्माण चल रहा है। इसका मतलब है कि इस समय बन रहे कुल हाईवे में सिर्फ 25 प्रतिशत हिस्सेदारी एक्सप्रेसवे की है, जबकि बाकी एक्सेस-कंट्रोल हाईवे हैं। सरकार ने सभी एक्सप्रेसवे को 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। जबकि एक्सेस-कंट्रोल हाईवे 2026-27 तक बनकर तैयार हो जाएंगे।



**कम एक्सप्रेसवे क्यों बनाए जा रहे हैं?**

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ठऌअक) के मुताबिक, एक्सप्रेसवे बनाना एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें सबसे बड़ी चुनौती भूमि अधिग्रहण (लैंड एक्विजिशन) होती है। ये प्रोजेक्ट आमतौर पर ग्रीनफील्ड होते हैं, यानी इन्हें नए सिरे से शहरी इलाकों से बाहर बनाया जाता है।

शेष पेज 2 पर

## मंहगाई ▪ फरवरी महीने में शाकाहारी थाली सस्ती हुई

# मांसाहारी थाली की कीमत बढ़ी, क्रिसिल रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली। फरवरी में घर में बने भोजन की शाकाहारी थाली पिछले साल के इसी महीने की तुलना में एक फीसदी सस्ती हो गई। हालांकि, मांसाहारी थाली की कीमतों में इजाफा देखा गया। क्रिसिल ने इस बारे में अपनी रिपोर्ट जारी की है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

फरवरी में घर में बने भोजन की शाकाहारी थाली पिछले साल के इसी महीने की तुलना में एक फीसदी सस्ती हो गई। हालांकि, इस दौरान मांसाहारी थाली की कीमत में लगभग 6 प्रतिशत का इजाफा देखा गया। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

**शाकाहारी थाली की कीमतों में नरमी का क्या कारण?**




रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत में गिरावट मुख्य रूप से टमाटर और एलपीजी की कीमतों में कमी के कारण हुई। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमतों में इजाफे का कारण ब्रॉयलर चिकन की कीमतों का बढ़ना रहा। क्रिसिल ने अपनी कहा "फरवरी में टमाटर की कम कीमतों के बीच शाकाहारी थाली की कीमत में साल-दर-साल गिरावट आई, जबकि ब्रॉयलर की कीमत में वृद्धि जारी रहने के कारण मांसाहारी थाली की कीमत में मामूली वृद्धि हुई"।

**फरवरी महीने में टमाटर की कीमतों में राहत**

रिपोर्ट में बताया गया है कि फरवरी में टमाटर की कीमतें एक साल पहले के 32 रुपये प्रति किलोग्राम से 28 प्रतिशत घटकर 23 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। यह गिरावट बाजार में टमाटर की आवक में 20 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई। इसके अलावा, एलपीजी की कीमतों में भी 11 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे और राहत मिली। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत पिछले साल के 903 रुपये से घटकर 803 रुपये हो गई।

शेष पेज 2 पर

# असम के वित्त मंत्री अजंता नेयोग ने कर छूट और औद्योगिक विकास की घोषणा के साथ 2.63 लाख करोड़ रुपये का बजट किया पेश

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

असम : असम के वित्त मंत्री अजंता नेयोग ने आज सोमवार को राज्य विधानसभा में बजट सत्र के दौरान वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.63 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में 620.27 करोड़ रुपये के घाटे का प्रस्ताव किया गया है। बजट में प्रति माह 15,000 रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों के लिए पेशेवर कर छूट का प्रस्ताव है। इससे 1.43 लाख से अधिक करदाताओं और परिवारों को लाभ होगा और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। एडवांटेज असम 2.0 के तहत, राज्य में डिब्रूगढ़, गोलाघाट, सिलचर, पलाशबाड़ी, जागीरोड, तेजपुर और नलबाड़ी में नए औद्योगिक फार्म स्थापित किए जाएंगे। औद्योगिक विकास के लिए 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया जाएगा। असम में चाय उद्योग की मदद के लिए ग्रीन टी कर छूट को और दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा, एशियाई विकास





बैंक (एडीबी) से वित्तीय सहायता के साथ पलाशबाड़ी और जागीरोड में एक-एक टाउनशिप परियोजना स्थापित की जाएगी, जहां शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 8,000 करोड़ रुपये का भारी निवेश किया जाएगा। बजट में हाथी-मानव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए, सरकार ने पांच प्रभावित जिलों - गोवालपारा, तेजपुर, उदालगुड़ी, बक्सा और नौगांव में गज मित्र परियोजना शुरू की है। हाथियों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए एआई पावर्ड कैमरे लगाए जाएंगे। मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए हाथियों के आवासों में सुधार किया जाएगा। संघर्ष क्षेत्र का प्रबंधन करने और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए गज मित्र टीम का गठन किया जाएगा। 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले यह आखिरी पूर्ण बजट होने के साथ, मंत्री नेयोग ने आर्थिक विकास, कर राहत, पर्यावरण संरक्षण और उद्योग के विस्तार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देने के साथ विकास की प्रवृत्ति को जारी रखने का वादा किया है। गौरतलब है कि आज बजट में वित्त मंत्री नेयोग ने जिन फैसलों की घोषणा की है उनमें से एक है असम समझौते के खंड 6 के कार्यान्वयन के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश बिप्लब कुमार शर्मा की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा दी गई मंजूरी असम सरकार द्वारा जांच करने के बाद राज्य सरकार के दायरे में आने वाला अनुमोदन कार्यान्वयन के लिए गए निर्णय।

# दिल्ली में भाजपा सरकार का पहला बजट 25 मार्च को, दिखेगी संकल्प पत्र की झलक

नई दिल्ली । विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सत्र के पहले दिन 24 मार्च को सरकार के कामकाज को स्वीकृति दी जाएगी। इस दिन सदन में विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

विधानसभा का दूसरा सत्र (बजट सत्र) 24 मार्च से शुरू होगा। इस सत्र के दौरान भाजपा सरकार अपना पहला बजट 25 मार्च को सदन में प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से प्रस्तुत किया जाने वाला बजट न केवल दिल्ली की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि भाजपा सरकार के संकल्प पत्र को भी प्रमुखता दी जाएगी। इसमें दिल्ली के लिए विकास के कई अहम वादे किए गए थे। मुख्यमंत्री के पास वित्त मंत्रालय भी है।

**28 मार्च को सदन में निजी सदस्य बिल और प्रस्तावों पर चर्चा** - विधानसभा अध्यक्ष



विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सत्र के पहले दिन 24 मार्च को सरकार के कामकाज को स्वीकृति दी जाएगी। इस दिन सदन में विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। 25 मार्च को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बजट प्रस्तुत करेगी और 26 मार्च को बजट पर सामान्य चर्चा होगी, जबकि 27 मार्च को बजट पर विचार और पारित करने की प्रक्रिया संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को सदन में निजी सदस्य बिल और प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। जिसे निजी सदस्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन सदस्य अपने-अपने प्रस्तावों को सदन में प्रस्तुत करेंगे जिसके लिए नोटिस भेजने की अंतिम तिथि 13 मार्च है।

**दिल्ली के नागरिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा करेगी सरकार**

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण सत्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और सत्र के दौरान निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करें। विशेष रूप से प्रश्नों के नोटिस तत्काल प्रभाव से प्राप्त किए जाएंगे और सदस्य अपने नोटिस नियमों के तहत दर्ज कराएं। प्रत्येक विभाग के लिए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए विशेष दिन निर्धारित किए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी नोटिस समय पर प्राप्त हों और किसी भी प्रक्रिया में कोई देरी न हो। बताया जा रहा है कि भाजपा सरकार पहले बजट में दिल्ली के नागरिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा करेगी।

# वाहन चालक हो जाएं सतर्क दिल्ली में इन गलतियों पर रद्द हो सकता है ड्राइविंग लाइसेंस, एक्शन मोड में पुलिस

नई दिल्ली । दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने परिवहन विभाग को फिर पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि आदतन ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाए।

दिल्ली में वाहन चलाते वक्त लापरवाही बरतने वाले लोगों को सावधान होने की जरूरत है। बार-बार ट्रैफिक नियमों को तोड़ने की आदत नहीं छोड़ी तो लाइसेंस से हाथ धोना पड़ सकता है। इससे वह ताउम्र वाहन नहीं चला सकेंगे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस बारे में दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग को एक बार फिर पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि जो व्यक्ति तीन बार गंभीर श्रेणी के ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है या फिर पांच या उससे अधिक बार सामान्य ट्रैफिक नियमों को तोड़ता है, उनका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाए। परिवहन विभाग अब इसकी व्यावहारिकता की जांच कर



रहा है।

दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात प्रबंधन प्रभाग, जोन-11) अजय चौधरी ने दिसंबर, 2024 में दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग के एमडी को पत्र लिखा था कि यातायात उल्लंघन और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए मूल अधिनियम में मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 के माध्यम से संशोधन किया गया था। इसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारी जुमार्ने का प्रावधान है। बावजूद इसके कई चालक आदतन यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

# पेज एक का शेष...

## गेहूं खरीद से मेडिकल कॉलेजों तक के लिए निर्णय सैफई विकास के लिए भी अहम फैसला

यह भूमि जिला कारागार से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की गई है। इसमें 12.39 एकड़ में मेडिकल कॉलेज का निर्माण और शेष भूमि पर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चित्तू पांडेय की स्थापित मूर्ति का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

**बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज के लिए भूमि का हस्तांतरण**-मंत्रिपरिषद की बैठक में बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है।

4570 वर्ग मीटर भूमि राजकीय कृषि विद्यालय के नाम पर दर्ज है। इसे चिकित्सा शिक्षा विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने का फैसला लिया गया है। यह भूमि ग्राम वलीपुरा में स्थित है। ज्ञात हो कि प्रदेश के 27 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बुलंदशहर परिसर में नर्सिंग कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध नहीं थी। अब इसकी व्यवस्था कर दी गई है।

आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक का होगा निर्माण–मंत्रिपरिषद की बैठक में सैफई (इटावा) स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 300 बेड के अस्पताल में पीडियाट्रिक ब्लॉक को भी शामिल किया गया है। इसके लिए 23217.17 लाख रुपये के वित्तीय एवं प्रशासकीय प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

17 मार्च से 15 जून 2025 तक होगी गेहूं की खरीद–प्रदेश में गेहूं की खरीद 17 मार्च से 15 जून 2025 तक की जाएगी। इसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल आठ एजेंसी प्रदेशभर में लगभग 6,500 क्रय केंद्र खोलेंगी। यह खरीद केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 2425 रुपये के समर्थन मूल्य पर की जाएगी।

महर्षि दधीचि कुंड का होगा कायाकल्प–हरदोई की तहसील सदर, परगना गोपामऊ के ग्राम दही स्थित महर्षि दधीचि कुंड के आसपास पर्यटन क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इसके लिए बंजर श्रेणी की 0.850 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर्यटन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित की जाएगी। मंत्रि परिषद की बैठक में इसका फैसला लिया गया। इसके अलावा साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिषद् में 25 साल से कार्यरत सात कर्मचारियों को परिषद कार्मिकों की भांति 7वें वेतन आयोग का लाभ देने का फैसला भी लिया गया।श

## 10 हजार से 25 हजार रुपये के मूल्य वाले स्टांप पत्र अवैध करार, होंगे चलन से बाहर

– स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए राजकीय कृषि विद्यालय के नाम दर्ज भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निशुल्क हस्तांतरण की सहमति दी।

– सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में 300 बेड के गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति देने पर सहमति बन गई।

– डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड के अंतर्गत लखनऊ में डीटीआईएस की स्थापना के लिए एसपीपी को 0.8 हेक्टेअर भूमि दिए जाने का फैसला हुआ।

– टैक्सफेड समूह के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड, कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों की भूमि के औद्योगिक प्रयोग के लिए यूपीसीडा को निशुल्क हस्तांतरण करने का निर्णय लिया गया।

– हरदोई की तहसील सदर परगना गोपामऊ के ग्राम दही में महर्षि दधीचि कुंड के आसपास पर्यटन विकास के लिए बंजर श्रेणी की शासकीय भूमि को निशुल्क हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया।

– बैठक में रबी विपणन वर्ष 2025–26 के लिए मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं क्रय नीति को मंजूरी दी गई।

## दो घंटे के अंदर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लुटेरों से मुठभेड़, तीन झोले में आभूषण बरामद

जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया, तो अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग कर दी। इस दौरान दुकान से बाहर निकल रहे बीस वर्षीय युवक अनूप कुमार को गोली लग गई, जो उसकी बाईं कलाई को छूते हुए निकल गई। उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बनियापुर में भर्ती कराया गया और बाद में सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

स्वर्ण व्यवसायी सुभाष कुमार ने बताया कि दुकान से नकदी और आभूषण लूटे गए हैं, लेकिन अभी तक लूट की कुल राशि का आकलन नहीं हो सका है। पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच में जुटे हैं। इस घटना के बाद स्थानीय व्यवसायियों में नाराजगी देखने को मिल रही है। खासकर लग्न मुहूर्त की खरीदारी को ध्यान में रखते हुए दुकान में रखे गए गहनों की जानकारी अपराधियों तक कैसे पहुंची, यह सवाल बना हुआ है।

हालांकि इस मामले में सारण पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर लूट का खुलासा कर दिया और लगभग सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है।

पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में भी हुई थी करोड़ों की चोरी–इससे पहले 26 जुलाई 2024 को पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में हुई बड़ी लूट ने भी राज्यभर में खलबली मचा दी थी। घटना दिन के करीब 12 बजे हुई थी, जब चार से छह की संख्या में अपराधी शोरूम में घुसे और हथियार के बल पर करोड़ों के जेवरात लूट लिए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भागने के दौरान एक अपराधी की बाइक असंतुलित होकर गिर गई, लेकिन वह तुरंत संभलकर फरार हो गया। उसकी पिस्तौल भी सड़क पर गिर गई, जिसे एक ई–रिक्शा चालक मौके से उठाकर ले भागा। पुलिस इस मामले में दो से तीन करोड़ की लूट की बात कह रही है, जबकि शोरूम कर्मियों ने करीब 20 करोड़ की लूट का दावा किया है।

## क्या हटाई जाएगी औरंगजेब की कब्र? सीएम फडणवीस का आया बयान, कांग्रेस पर कसा तंज

भोसले की मांग के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, "हम सभी यही चाहते हैं, लेकिन आपको इसे कानून के दायरे में करना होगा क्योंकि यह एक संरक्षित स्थल है। कुछ साल पहले कांग्रेस के शासनकाल में इस स्थल को एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) के संरक्षण में रखा गया था।" उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र विधायक अबू आसिम आजमी द्वारा मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली टिप्पणी ने हाल ही में विवाद खड़ा कर दिया था। औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली टिप्पणी के कारण आजमी को पिछले सप्ताह 26 मार्च को बजट सत्र के अंत तक महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था।

इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब पर विवादास्पद टिप्पणी के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को गिरफ्तार किया जाएगा। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा विधायक को हिरासत में लिया जाएगा। समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आजमी ने मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करते हुए दावा किया कि उसके शासन के दौरान भारत की सीमाएँ अफगानिस्तान और बर्मा (म्यांमार) तक फैली हुई थीं। इस बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है और महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रतिक्रिया हुई है।

आजमी की गिरफ्तारी की स्थिति के बारे में अंबादास दानवे की पूछताछ के जवाब में, फडणवीस ने सवाल किया कि ठाकरे की शिवसेना ने कथित तौर पर शिवाजी महाराज का अपमान करने के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू का विरोध क्यों नहीं किया। फडणवीस ने उन्हें "डिस्कवरी ऑफ इंडिया" में नेहरू के लेखन का विरोध करने की चुनौती दी। फडणवीस ने कहा कि चेयरमैन साहब (आजमी) को जेल में डाला जाएगा। 100 फीसदी जेल में डालेंगे। आपको (दानवे) सही जानकारी लेनी चाहिए थी।

## फरवरी महीने में शाकाहारी थाली सस्ती हुई मांसाहारी थाली की कीमत बढ़ी, क्रिसिल रिपोर्ट में दावा

हालांकि, शाकाहारी थाली की लागत में कुल गिरावट अन्य प्रमुख सामग्रियों की बढ़ती कीमतों के कारण सीमित रही। पिछले साल के मुकाबले प्याज की कीमतों में 11 फीसदी, आलू की कीमतों में 16 फीसदी और वनस्पति तेल की कीमतों में 18 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इन मूल्य वृद्धि ने शाकाहारी भोजन की लागत में तेज गिरावट को रोक दिया।

ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में सालाना आधार पर 15% की बढ़ोतरी

दूसरी ओर, ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में सालाना आधार पर 15 फीसदी की बढ़ोतरी के कारण मांसाहारी थाली अधिक महंगी हो गई। मांसाहारी थाली की लागत में ब्रॉयलर का हिस्सा लगभग 50 फीसदी होता है और इसकी कीमत में वृद्धि पिछले साल के कम आधार के कारण हुई थी, जब अधिक आपूर्ति के कारण कीमतें कम हो गई थीं।

इसके अलावा, ब्रॉयलर मुर्गियों के चारे की लागत बढ़ गई, मक्का की कीमतों में सालाना आधार पर 6% की बढ़ोतरी हुई, जिससे कुल लागत और बढ़ गई। बाजार में ताजा आवक के कारण प्याज, आलू और टमाटर की कीमतों में क्रमशः गिरावट देखी गई।

दक्षिण भारत में बर्ड फ्लू की चिंताओं के बीच मांग कमजोर होने के कारण फरवरी में ब्रॉयलर चिकन की कीमत में लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट आई। इन उतार–चढ़ावों के बावजूद, खाद्य कीमतें घरेलू बजट में एक महत्वपूर्ण कारक बनी हुई हैं, और आपूर्ति की स्थिति में कोई भी और बदलाव आने वाले महीनों में भोजन की लागत को प्रभावित करेगा।

## राम मंदिर के बाद अब सीता माता मंदिर की बारी

मिथिलांचल लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत साबित हुआ, जो सालों तक पूरे देश को अपना संदेश देता रहा। मिथिलांचल शास्त्रार्थ की भी भूमि रही है।

शाह ने कहा, ह्यह्यमहात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिल–जुलकर रहेंगे, उन्हें कोई नहीं हरा सकता। मिथिलांचल लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत साबित हुआ, जो वर्षों तक पूरे देश को अपना संदेश देता रहा। मिथिलांचल शास्त्रार्थ की भी भूमि रही है। शाह के बयान पर भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि बिहार के लोग इस खबर से उत्साहित हैं। भारत सरकार ने बिहार के लोगों के कल्याण के लिए काम करने का संकल्प लिया है और यह गर्व की बात है कि उनकी जन्मभूमि पर एक भव्य मंदिर बनाया जाएगा।

अब म्यूजियम में बनने वाली गैलरी और उसकी अलग–अलग स्क्रिप्ट इसके डायरेक्टर लिखेंगे।

नृपेंद्र ने बताया कि म्यूजियम के लिए कैडमिन नाम की कंपनी से समझौता किया गया है। कैडमिन कंपनी को पहले स्क्रिप्ट दी जाएगी। स्क्रिप्ट के अनुसार ही कंपनी तय करेगी कि कौन सी जगह पर वीडियो टेक्नोलॉजी इस्तेमाल होगी किन जगहों पर इमरशिप टेक्नोलॉजी इस्तेमाल होगी और कहां पर आर्टिफैक्ट डिस्प्ले होगा। इसके साथ ही कहां से किस जगह पर लाइटिंग होगी, यह सभी काम अगले दो महीने में पूरे कर लिए जाएंगे। जब टेक्नोलॉजी तय हो जाएगी, उसके बाद तब गैलरी बनाने के लिए टेंडर किया जाएगा।

उम्मीद है कि छह महीने में गैलरी का निर्माण हो जाएगा। इस गैलरी में बिजली की क्या आवश्यकता होगी, रिफ्लेक्शन कैसे होंगे, वह भी पूरा कर लिया जाएगा। श्रद्धालुओं को देखने के लिए म्यूजियम एक वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा।

## एक्सप्रेसवे की तुलना में एक्सेस-कंट्रोल हाईवे ज्यादा क्यों बनाए जा रहे हैं?

दूसरी ओर, किसी भी मौजूदा हाईवे को अपग्रेड करके उसे एक्सेस–कंट्रोल हाईवे में बदला जा सकता है। जबकि एक्सप्रेसवे शुरू से ही इस मानक के अनुसार बनाए जाते हैं।

इसके अलावा, एक्सप्रेसवे का निर्माण काफी महंगा पड़ता है। किसी मौजूदा हाईवे को अपग्रेड करने की तुलना में नया एक्सप्रेसवे बनाना ज्यादा खचीर्ला और कठिन होता है। इसी वजह से सरकार पूरी तरह से नए एक्सप्रेसवे बनाने के बजाय एक्सेस–कंट्रोल हाईवे पर ज्यादा ध्यान दे रही है। हालांकि, दोनों के निर्माण मानक अलग–अलग होते हैं, लेकिन इन दोनों में कुछ समानताएं भी होती हैं।

एक्सप्रेसवे और एक्सेस–कंट्रोल हाईवे में क्या अंतर है?

एक्सेस–कंट्रोल हाईवे में एंट्री प्वाइंट सीमित होते हैं, ठीक वैसे ही जैसे एक्सप्रेसवे में होते हैं। लेकिन दोनों के बीच कुछ मुख्य अंतर हैं। उदाहरण के लिए, किसी सामान्य हाईवे की लेन की चौड़ाई 3.5 मीटर होती है, जबकि एक्सप्रेसवे की लेन थोड़ी चौड़ी यानी 3.75 मीटर होती है।

इसी तरह, हाईवे के साइड शोल्डर (सड़क के किनारे मिट्टी से ढकी हुई जगह) की चौड़ाई 1.5 मीटर होती है, जबकि एक्सप्रेसवे में यह चौड़ाई 3 मीटर तक होती है।

अधिकतर हाईवे चार लेन के होते हैं और ये बड़े शहरों को जोड़ने के लिए बनाए जाते हैं। एक्सप्रेसवे का मकसद भी यही होता है, लेकिन आमतौर पर इनकी लंबाई ज्यादा होती है और ये ज्यादा रफ्तार के लिए डिजाइन किए जाते हैं।

भारत में हाईवे और एक्सप्रेसवे की संख्या कितनी है?

केंद्र सरकार के अनुसार, भारत में इस समय कुल 599 राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाईवे) हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 1.32 लाख किलोमीटर है। इन सभी में सबसे लंबा नेशनल हाईवे 44 (ठल–44) है, जो 3,745 किलोमीटर लंबा है और श्रीनगर से लेकर कन्याकुमारी तक फैला हुआ है। इसके अलावा, भारत में इस समय 23 ऑपरेशनल एक्सप्रेसवे हैं।

# बागपत जेल में श्रीमद्भागवत कथा का समापन भजनों और भक्तिमय माहौल में गूंजे जयकारे

सुरेंद्र मलानिया

बागपत। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बागपत जेल में भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण समापन हुआ। इस अवसर पर जेल परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा, जहां कैदियों और जेल प्रशासन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धा के साथ कथा श्रवण किया।

**भजनों से गूंजा जेल परिसर**

कथा के अंतिम दिन जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार ने अपने मधुर स्वर में भजन गाकर ऐसा समा बांधा कि उपस्थित सभी लोग भावविभोर हो गए। भजन की धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा माहौल कृष्णमय हो गया। इसके अलावा, एक कैदी ने भी मंच पर आकर ₹कृष्ण-सुदामा₹ के मिलन पर आधारित एक सुंदर भजन प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया।

**कथा वाचक पंडित शिवाकांत का भावपूर्ण प्रवचन**




इस अवसर पर कथा वाचक पंडित शिवाकांत ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की कथा का अत्यंत भावपूर्ण और हृदयस्पर्शी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सुदामा की निर्धनता और कृष्ण की भक्ति ने हमें प्रेम और त्याग का संदेश दिया। उनके प्रवचन के दौरान जेल में बंद कैदी भी श्रद्धा में डूबे रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया।

**गणमान्य लोगों की उपस्थिति**

इस आयोजन में कई प्रमुख व्यक्तित्व भी शामिल हुए। कथा श्रवण करने वालों में जिला जज शिवकुमार सिंह एडीजे, प्रशांत कुमार डिप्टी जेलर नीरज सिंह एडवोकेट, संजय प्रजापति, संजय गौड़, सुरेंद्र मलानिया, कल्याण सिंह, अंजान और जुगल किशोर जैसे गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने इस आध्यात्मिक कार्यक्रम की प्रशंसा की और इसे जेल सुधार कार्यक्रम की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

**कैदियों के लिए सकारात्मक पहल**

कथा के समापन अवसर पर जेल प्रशासन ने कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम कैदियों के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से कैदियों के मन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है, जिससे वे अपने जीवन में एक नई दिशा की ओर बढ़ सकते हैं।

**भक्तिरस में डूबा जेल परिसर**

कार्यक्रम के समापन पर हरे राम-हरे कृष्ण के जयकारों से पूरा जेल परिसर भक्तिमय हो गया। कैदियों ने कथा के दौरान प्राप्त ज्ञान और भजनों के माध्यम से आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया।

इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जेल सिर्फ सजा भुगतने की जगह नहीं, बल्कि आत्ममंथन और सुधार का भी एक मंच बन सकता है।

# रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित हुई शिक्षिका अमिता वशिष्ठ

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। नगर के मेरठ रोड स्थित वात्सायन पैलेस में मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति एवं राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर दोनों संस्थाओं के अध्यक्ष आरडी शर्मा, समाज कल्याण विभाग में कार्यरत मुख्य अतिथि नैना शर्मा, मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंजू खोखर, राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ की प्रदेश महासचिव रेनू शर्मा, राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ की जिला अध्यक्ष आरती शर्मा, मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति की जिला अध्यक्ष चांदनी जैन ने नगर के भजन विहार कॉलोनी की रहने वाली शिक्षिका अमिता वशिष्ठ के कार्यों को देखते हुए उन्हें रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया।



अमिता वशिष्ठ कंपोजिट विद्यालय हरचंदपुर खेकड़ा में उर्दू टीचर के पद पर कार्यरत है।उन्होंने एमएससी फिजिक्स व उर्दू बीटीसी किया हुआ है। उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें कई बड़े मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। एसडीएम खेकड़ा द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए भी उन्हें सम्मानित किया गया था। देश की राजधानी दिल्ली में उन्हें राष्ट्रीय उर्दू पुरस्कार से नवाजा गया था। ग्राम हरचंदपुर में बीएलओ के रूप में भी उन्हें उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। गांव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी उन्हें सम्मान प्राप्त हुआ है।

इसके अलावा बागपत लायंस क्लब, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति बागपत व भगवान परशुराम संघ बागपत द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। उनकी उपलब्धियां का क्रम यही पर समाप्त नहीं होता बल्कि उन्हें डायट बडौत से व बीआरसी खेकड़ा से भी कई बार उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए है।

# श्रीदेश ऑर्गनिक फार्म में सेना के अधिकारियों ने जाना जैविक खेती का महत्व

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। श्रीदेश ऑर्गेनिक फार्म बड़ा गाँव में सेना के अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

उन्हें जैविक खेती और इसके लाभों के बारे में शिक्षित किया गया। उन्होंने गेहूँ, उड़द, मसूर, पीली सरसों, गन्ना देखने के लिए खेत का दौरा किया। उन्होंने जैविक खेती करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं को देखा।



लगभग 30 लोगों ने सत्र में भाग लिया और जैविक भोजन का आनंद लिया। सेवानिवृत्त कर्नल नरेंद्र त्यागी और उनके बेटे क्षितिज त्यागी ने उनके लिए प्रशिक्षण की मेजबानी की।

उन्हें पर्यावरण बचाने और भोजन बर्बाद न करने के बारे में बताया गया। श्रीदेश ऑर्गेनिक फार्म 12 फरवरी वर्ष 2020 को स्थापित किया गया था। यहाँ पर जैविक खेती की जाती है और लोगों को जैविक खेती के बारे में शिक्षित किया जाता है। लोगों को जैविक खेती के लाभ गिनाये जाते है।इसका आदर्श वाक्य पारिवारिक किसान अवधारणा रखना है। इससे किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद मिलेगी।

# फाल्गुन में चैत्र जैसी गर्मी, तीन साल बाद यूं तप रही राजधानी, 32 डिग्री के पार हुआ पारा, जारी हुआ अलर्ट

लखनऊ । मार्च का दूसरा सप्ताह लगते ही प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव आया है। अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

प्रदेश में पछुआ हवाओं की रफ्तार थमते ही मौसम में तेजी से बदलाव आया है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उछाल के साथ ही धूप की तपिश बढ़ गई है। सोमवार को प्रदेश के बीस से ज्यादा जिलों में दिन का पारा 30 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग के मुताबिक होली तक प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जाने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक लगातार पारा बढ़ेगा। सप्ताह के आखिर में हवा की रफ्तार में तेजी से तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है।सोमवार को प्रयागराज 34.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। वहीं अयोध्या में सबसे कम 10 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

फाल्गुन माह अभी आधा बाकी है और दोपहर में हो रही धूप की तल्खी चैत्र माह की याद दिला रही है। राजधानी में तीन वर्षो बाद इस बार 10 मार्च को पारा 32 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है। साल 2022 में 10 मार्च को दिन का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस था, साथ ही साल 2021 में अधिकतम पारा 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। वहीं 2021 से, यानी चार वर्षों बाद रात का अधिकतम तापमान इस साल से ज्यादा 20.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की मानें तो इस साल मार्च के आखिर में गर्म हवाओं वाले लू के थपेड़े भी पड़ने की उम्मीद है।

राजधानी में अगले एक हफ्ते में दिन के तापमान के 35 डिग्री सेल्सियस के पार चले जाने के आसार हैं। दिन-ब दिन बढ़ रहा तापमान आने वाले दिनों में होने वाली प्रचंड गर्मी का पूवार्भास करा रहा है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि बुधवार से हवा की रफ्तार में तेजी आने से थोड़ी राहत की उम्मीद है। अगले तीन से चार दिनों तक धीरे-धीरे तापमान का बढ़ना जारी रहेगा। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 0.4 डिग्री की मामूली बढ़त के साथ 32.5 डिग्री सेल्सियस तो वहीं रात का पारा 3.8 डिग्री की उछाल के साथ 17 डिग्री सेल्सियस रहा।

राजधानी की हवा का हाल- सोमवार को लखनऊ के छह वायु गुणवत्ता मापक स्टेशनों में से कुकरैल, गोमतीनगर, बीबीएयू और तालकटोरा की हवा पीली यानी मध्यम श्रेणी में देखने को मिली। वहीं अलीगंज और लालबाग की हवा नारंगी यानी स्वास्थ्य के लिए खराब श्रेणी में दर्ज की गई।

# पत्रकार की हत्या के विरोध में बरेली के पत्रकारों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

बरेली ब्यूरो

बरेली। सीतापुर जनपद में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या के विरोध में सोमवार को उपजा प्रेस क्लब एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसमे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पत्रकारों ने मांग की। हत्या के दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इसका नेतृत्व उपजा प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ पवन सक्सेना ने किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब महामंत्री मुकेश तिवारी , कोषाध्यक्ष सिटील





गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र अटल, जनार्दन आचार्य, निर्भय सक्सेना, पुत्तन सक्सेना, धीरू यादव, विकास साहनी,अशोक शर्मा लोटा, विजय सिंह, देव सिंह, शुभम् सिंह, सुयोग सिंह, देश दीपक गंगवार, मनोज गोस्वामी, रनदीप सिंह, इमरान खान, अनूप मिश्रा, प्रवीण कुमार, रमेश राजपूत, फिरोज खान,मोनिका सिंह, प्रदीप सक्सेना , आलोक सक्सेना समेत तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

# बरेली से मुम्बई सेंट्रल तक 12 मार्च से चलेगी स्पेशल ट्रेन




एनपीटी ब्यूरो

बरेली। मुंबई जाने वाले यात्रियों को रेल प्रशासन ने बड़ी राहत दी है। काठगोदाम से मुंबई सेंट्रल तक स्पेशल ट्रेन चलाने का एलान रेल प्रशासन की तरफ से किया गया है। मुंबई सेंट्रल से ट्रेन का संचालन 12 मार्च से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार और काठगोदाम से 13 मार्च से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 16 फेरों के लिए किया जाएगा।

# भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव समेत सभी पदाधिकारी रिहा

एनपीटी ब्यूरो

बरेली ,लखनऊ में भीम आर्मी द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के बाद बरेली में कल रात से हिरासत में लिए गए भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव समेत सभी पदाधिकारियों को प्रशासन ने आज रिहा कर दिया। पूरी रात इन सभी को बहेड़ी चीनी मिल के गेस्ट हाउस में नजरबंद रखा गया।

कल रात भीम आर्मी मंडल अध्यक्ष विकास बाबू एडवोकेट ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों को प्रशासन ने हिरासत में ले लिया है। उनके ट्वीट के बाद कार्यकताओं में



भारी आक्रोश था, और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बहेड़ी पहुंचने लगे। प्रदेश अध्यक्ष के साथ मंडल अध्यक्ष विकास बाबू एडवोकेट, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतुल वाल्मिकी, मेव खुर्शीद, अजय प्रधान, आकाश सागर, सौरभ भारतीय समेत एक दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी पूरी रात नजर बंद रहे।

रिहाई के बाद बहेड़ी में कार्यकताओं ने डॉ. कुलदीप भार्गव का भव्य स्वागत किया। हजारों की संख्या में मौजूद समर्थकों ने रोड शो निकाला और नारेबाजी करते हुए शक्ति प्रदर्शन किया।

# जनसुनवाई में एक बार फिर बरेली रेंज प्रथम

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के मामले में जनवरी और फरवरी में भी बरेली रेंज को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। वह पिछले सात माह से पहले पायदान पर है।

आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2024 में आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण करने में बरेली प्रथम स्थान पर रहा था। जनवरी




और फरवरी में भी बरेली को प्रथम स्थान मिला है। रेंज में बरेली जिला 66, बदायूं 9, शाहजहांपुर 15 और पीलीभीत 22 वें स्थान पर है। वहीं, पीलीभीत जिले का थाना करेली प्रथम स्थान पर रहा है।

लगातार रेंज को प्रथम स्थान पर रखने में आईजी कार्यालय में तैनात दरोगा शालू, कंप्यूटर ऑपरेटर अमरेंद्र कुमार और आरक्षी सलिल सक्सेना का प्रयास रहा। आईजी ने इन सभी को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# बीएल कामधेनु परियोजना का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने किया

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। बीएल एग्रो के कार्यक्रम गाय प्रजनन और डेयरी प्रौद्योगिकी के लिए बीएल कामधेनु परियोजना में 1000 करोड़ का निवेश किया है। संस्था के अध्यक्ष घनश्याम खंडेलवाल का कहना है कि इस परियोजना से लगभग पांच हजार किसानों को लाभांवित किया जाएगा। इससे अर्थ व्यवस्था में भी बढ़ावा मिलेगा। इसी सतत कामधेनु परियोजना का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने फतेहगंज पश्चिमी के अगरास में किया। वहीं परसाखेड़ा स्थित बीएल एग्रो पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बीएल एग्रो ने कामधेनु

परियोजना में 1000 करोड़ रुपये का निवेश किया। इसका



उद्देश्य 5000 किसानों को लाभान्वित करने वाली सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।

ह्यबीएल कामधेनुह्न बीएल एग्रो की विस्तार योजना का एक हिस्सा है। इसका लक्ष्य कृषि खाद्य पदार्थों से लेकर दूध प्रसंस्करण, चारा निर्माण और अंततः संपीड़ित बायोगैस उत्पादन तक विस्तार करना है।

बरेली में 2025- भारत की अग्रणी एफएमजीसी कंपनी बीएल एग्रो ने आज उत्तर प्रदेश के बरेली में बीएल कामधेनु फार्म का उद्घाटन किया, जिसमें गाय प्रजनन और डेयरी प्रौद्योगिकी के लिए अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र शामिल होगा।

इस अग्रणी पहल का उद्घाटन भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान ने किया। यह पहल मवेशियों की आनुवंशिकी, दूध उत्पादकता और समग्र पशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक प्रगति का लाभ उठाकर उत्तर प्रदेश में डेयरी और पशुधन उद्योग को बदल देगी। इस अवसर पर बीएल एग्रो के चेयरमैन श्री घनश्याम खंडेलवाल, बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक आशीष खंडेलवाल और बीएल एग्रो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं लीड्स कनेक्ट सर्विसेज (बीएल एग्रो ग्रुप द्वारा एग्रीटेक उद्यम) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नवनीत रविकर ,डायरेक्टर ए .एन .सिंह भी उपस्थित थे।

# संपादकीय

## हेडफोन-गेमिंग से सुनने की क्षमता बाधित

यह आशंका अकसर जतायी जाती रही है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। अब हाल में हुए अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को चेताया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक आसन्न गंभीर संकट को ही दशार्ता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में आए बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील देकर बच्चे भी मोबाइल-लेपटॉप आदि से चिपके रहने का बहाना ढूंढ ही लेते हैं। तेज आवाज का संगीत व कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श

**औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर ह्लजजियाह्न वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी।**

मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।



फिल्म ह्लछावाह्न कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर ह्लजजियाह्न वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिन्दुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूंबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्ठा करते हैं।

शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किए और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गए कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गए। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं।

औरंगजेब की क्रूरताएं सिर्फ दुश्मनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके शिकार उसके भाई और पिता भी हुए। इतिहासकार इरफान हबीब ने औरंगजेब की क्रूरता के अनेक किस्सों को उजागर करते हुए बताया कि मुगल सत्ता पाने की लालच में औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को जेल भिजवाया। फिर दारा शिकोह को जंग में हराया। हालांकि जंग हारने के बाद दारा मैदान छोड़कर भाग गया था। लेकिन औरंगजेब ने दारा को गिरफ्तार करवाया और षडयंत्र रचकर उसकी गर्दन कलम करवा दी। औरंगजेब सिर्फ दारा शिकोह की हत्या से खुश नहीं हुआ। उसने हत्या की बाद क्रूरता की हदें भी पार की। एक भाई के साथ ऐसी क्रूरता भारतीय इतिहास में देखने को नहीं मिलती। उसने दारा का कटा हुआ सिर जेल में बंद पिता को भेजा।

मुगल शासक औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र से शुरू हुई बयानबाजी की आंच समूचे देश मे पहुंच गयी है। हिन्दुओं में गहरा आक्रोश एवं रोष है। मांग उठ रही है कि मुगल सम्राट औरंगजेब को बर्बर शासक घोषित किया जाए और भारत में उसके नाम पर रखे गए सभी सड़कों और स्थानों के नाम बदलने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। जैसाकि संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने ओसामा बिन लादेन और फ्रांसीसी व रूसी क्रांति के अवशेषों के साथ किया था। किसी भी राष्ट्र एवं समाज का निर्माण इतिहास के सच और ईमानदारी से ही बनता है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार एवं समाज ईमानदारी से चलते एवं बनते हैं, न कि झूठे इतिहास से। सच को झुठलाना, सच को ढ़कना एवं सच की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। नया भारत-विकसित भारत-समृद्ध भारत को निर्मित करते हुए हमें हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक इतिहास को जीवंतता देनी होगी एवं हमारी संस्कृति एवं इतिहास को कुचलने वाले आक्रमणकारी शक्तियों के विकृत एवं विरूप चेहरों को बेनकाब करना होगा।

# संभव है ट्रम्प-पुतिन-मोदी शिखर सम्मेलन

राष्ट्रपति ट्रम्प और जेलेंस्की मीटिंग में उभरी तल्खी के बाद दुनिया के सभी देश अमेरिका से पटरी बैठाने को तैयार हैं। हालांकि चीन तनकर खड़ा है। ट्रंप भी जानते हैं कि असल मुकाबला पुतिन से नहीं बल्कि जिनपिंग से है। वहीं मोदी-ट्रंप बैठक के बाद भारत के लिए ये समीकरण अनुकूल हैं। चीन-पाक धुरी तोड़ने को पाकिस्तान से संबंध बहाली भी सही नीति होगी।

एक सप्ताह पहले डोनाल्ड ट्रम्प और वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच हुई तीखी नोक-झोंक अब इतिहास बन चुकी है। ओवल ऑफि स की उस सुबह दुनिया बदल गई और विश्व ने ताकत का अपरिष्कृत उपयोग होते देखा। अगर यूरोप झ और यूक्रेनियन भीझ शक्ति के ऐसे प्रयोग में शालीनता और शिष्टाचार की कमी को लेकर भड़क रहे हैं, तो शायद वे सही हैं। लेकिन इतना तो वे भी जानते हैं : यदि आप कुछ अंडे नहीं तोड़ सकते, तो ऑमलेट बनाना सरल नहीं।

हैरानी जिस बात की है वह यह कि यूरोपीय और ब्रिटेन को झटका इस कदर लगा है। ब्रिटिश और फ्रांसीसी, जोकि सुरक्षा परिषद के वीटो पॉवर संपन्न स्थाई सदस्य हैं झ इनके अलावा यूरोप महाद्वीप के वे तमाम अन्य देश जो विश्व मंच पर खुद को स्थापित करने की बेतहाशा कोशिश में हैं झ अमेरिकी डॉलर की पीठ पर सवार होने के कारण, अमेरिकियों के सामने नतमस्तक रहे, कम से कम द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से। यूरोप का सबसे उघड़ा रहस्य यह है कि यूरोपीय लोगों के अंदर अनाकर्षक अमेरिकियों के प्रति व्याप्त घृणा बमुश्किल छिपी हैझ उन्हें तो सिर्फ उनका पैसा चाहिए। सुएज के पार, गर्मियों में पेरिस के बेकरी वाले सबसे महंगे बगेट (ब्रेड) बनाकर रखते हैं झ जब फ्रांस की राजधानी पेरिस आने वाले अमेरिकी पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण हर चीज खत्म हो जाती है, ठीक वैसे ही, जब उन सभी को हेमिंग्वे की किताब ए मूवेबल फीस्ट के एक या अन्य संस्करण की तलाश भी रहती है। ट्रम्प एंड कंपनी झ जेडी वेंस, एलन मस्क और अन्य की एक बात है कि उनके पास वह करने के वास्ते कोई वक्त नहीं है, जिसे जाने-माने पत्रकार शेखर गुप्ता तानपुरा-सेटिंग कहते हैं। इसका मतलब है कि यूरोप, जिसे औपचारिक संवाद और व्यवहार में तमाम तरह का तामझाम और अलंकार बहुत पसंद है, जिसको इग्लाइट और लिबर्टे और यहां तक कि फ्रैटरनाइट जैसे कलिष्ट शब्दों में पिरोया जाता है झ हालांकि, यहां आपको उत्तरी अफ्रीका में फ्रांस के कुछ दशक पहले के इतिहास पर नजर डालनी चाहिए, खासकर अल्जीरिया में, जहां के श्वेत फ्रांसीसी भी पाइड नोयर या ब्लैक फीट पुकारे जाते थे, क्योंकि वे मुख्यभूमि के फ्रांसीसियों जितने गोरे नहीं थे झ यह सब आत्मा को इतना झकझोरने और उद्वेलित करने वाला है, क्योंकि वे जानते हैं कि आखिरकार उनके रखे अनाप-शाप दाम अटलांटिक पार से आए अमेरिकी ही चुका सकते हैं।

खैर, ट्रम्प और वेंस ने अभी-अभी घोषणा की है कि इस सारी तानपुरा-सेटिंग का समय समाप्त हो चुका है। या फिर आप अपना तानपुरा सेट करना जारी रख सकते हैं, लेकिन हमारे समय या



हमारे पैसे की एवज पर नहीं। इसलिए यूक्रेन का अंतिम यूक्रेनी तक लड़ने का निर्णय मुबारक हो, लेकिन अमेरिकी पैसे पर नहीं। कम से कम अफगानिस्तान ने अमेरिका और यूरोप को एक बात सिखाई है झ किसी और की लड़ाई लड़ने का मतलब यह नहीं है कि आपके फौजी इसमें मरें। शायद इसीलिए उन्होंने अपना अपराध बोध कम करने को अपनी थैली की डोरी ढीली की थी। ट्रम्प ने उस सुबह ओवल ऑफिस में यूरोप के पाखंड को उजागर किया। तीन साल से यूरोप और कनाडा व्लादिमीर पुतिन से लड़ने के लिए जेलेंस्की को उकसाते आए है, सिवाय इसके कि अफगानिस्तान के उलट, वहां वे अपने फौजी मरवाने को तैयार नहीं हैं। दुनिया को इस दिशा में आगे बढ़ने में एक हफ़्ते से भी कम समय लगा। सिर्फ.जेलेंस्की ही नहीं, हर कोई ट्रम्प के नेतृत्व वाली नई साहसी दुनिया के लिए तैयारी कर रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि उनके पास कोई और विकल्प नहीं है। हाल-फिलहाल केवल चीनी ही तनकर सामने खड़े हैं। इसके क्या मायने हैं, आप जानते हैं। ट्रंप भी मानते हैं कि उनका असली मुकाबला पुतिन से नहीं बल्कि शी जिनपिंग से है। किसी और के पास नहीं, केवल चीनियों के पास ही अमेरिकियों का सामना करने लायक ताकत और कूवत है। शायद इसीलिए ट्रंप रूसी भालू को गले लगाना चाहते हैं झ यह करके वे उसे चीनी नेता की ड्रैगन जैसी पकड़ से दूर रखना चाह रहे हैं। यह अविश्वसनीय है कि ट्रंप ने इस मूल सच्चाई को इतनी जल्दी बूझ लिया, लेकिन वाशिंगटन डीसी के बाकी लोगों के भेजे में सालों तक यह बात नहीं आई। अच्छा, तो फिर ट्रंप युग में भारतीय विदेश नीति को लेकर कोई क्या-क्या सोचे? स्पष्टतः, मोदी सरकार ने ट्रंप से जल्द मिलने को जाकर ठीक किया, भले ही यह उसी समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति भारतीयों को असम्मानजनक तरीके से निर्वासित कर रहे थे। इसलिए मोदी ने कड़वी गोली जल्द निगल ली, क्योंकि उन्हें पता था कि उन्हें यह करना पड़ेगा अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने जल्दी पड़ना और अपनी बात कहना।वाशिंगटन डीसी में मोदी की उपस्थिति से उनके पुराने नारे : अबकी बार, ट्रंप सरकार की याद भी ताजा हो गई, जोकि बाइडेन के लिए जेलेंस्की के समर्थन के एकदम उलट था। बाकी चीजें विदेश मंत्री एस जयशंकर चतुराई से साध रहे हैं। इसीलिए उन्होंने घोषणा कर दी कि भारत डी-डॉलराइजेशन के साथ नहीं है, हालांकि रूस के कजान में चीन के नेतृत्व वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत ने ठीक यही करने में सहमति जताई थी, सालाना बजट पेश करने से पूर्व ही, लग्जरी मोटरसाइकिलों के लिए टैरिफ घटा दिया, क्योंकि अपने पिछले कार्यकाल में ट्रंप यही करवाना चाहते थे। संक्षेप में, ट्रंप को खुश करने की कोशिश की जा रही है या कम से कम उन्हें शांत करने, उन्हें यह दिखाने की कि हमारा इरादा उनका नुकसान करने का नहीं है। आप जानते हैं कि वह एक अप्रत्याशित मिजाज वाले बंदे हैं- मैक्सिको और कनाडा पर जो शुल्क लगाने की उन्होंने हाल ही में घोषणा की थी, फिलहाल उस पर अमल टाल दिया हैझ सो उनको राजी रखने में भलाई है। यह दिखावा न करें कि आप गुटनिरपेक्ष हैं, जोकि आप वास्तव में नहीं हैं, और न ही उनके साथ अपनी दोस्ती बहुत गहरी होने के बारे में सार्वजनिक रूप से दम भरें, जैसा कि असुरक्षित दोस्तों की आम आदत होती है। जहां तक आगामी अमेरिका-रूस संबंध मधुर होने की बात है, भारत के सामने पासा फेंका जा चुका है और बाजी खेलकर जीतनी होगी। यदि मोदी दांव अच्छे ढंग से खेल लेते हैं, तो पश्चिमी और पूर्वी, दोनों जगह भारत की स्थिति बेहतर बना पाएंगे। ट्रम्प-पुतिन-मोदी वाला एक शिखर सम्मेलन अब संभावना से बाहर नहीं है।

सार यह कि मोदी सरकार को सत्ता के इस्तेमाल के बारे में कुछ नुक्ते सीखने चाहिए झ मसलन, अपने दुश्मनों के साथ दोस्ती करना, अपने दोस्तों के साथ मित्रता निभाने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यदि मोदी चाहते हैं कि भारत एक क्षेत्रीय शक्ति बने, तो उन्हें पाकिस्तान को लेकर अपने पूर्वाग्रहों को आड़े नहीं आने देना चाहिए। यह जनता का जनता से संपर्क बहाल करने की इच्छा से कहीं अधिक अहम है झ हालांकि जीवन में एक बार आने वाले खुशी के मौके जैसे कि विवाह या समारोह में पाकिस्तान से दोस्त-रिश्तेदारों का दिल्ली आना अद्भुत रहेगा- और इसके लिए दरकार है प्रधानमंत्री मोदी अपने वैश्विक-दृष्टिकोण में मौलिक रणनीतिक बदलाव लाएं। भारत कभी भी मजबूत नहीं होगा यदि उसे दोनों ओर से चीन-पाकिस्तान की धुरी का सामना करना पड़े। अपने बनिस्बत कमजोर, पश्चिमी पड़ोसी के साथ दोस्ती करके झ जिसके साथ आपकी बहुत सी समानताएं भी हैं झ क्यों न उन दोनों के बीच दूरी पैदा करें? लेकिन यह करने की बजाय, भारत ने चीन के साथ रिश्ते बहाल कर लिए और पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट कर रखा है। विराट कोहली, जिनके बारे में प्रधानमंत्री अक्सर ट्वीट करते रहते हैं, ने कुछ दिन पहले एक पाकिस्तानी बल्लेबाज, जिसके खिलाफ वे खेल रहे थे, उसके जूते के फीते बांधने के लिए झुककर राह दिखाई है, -यह उनके, उनकी खेल भावना और दुनिया में उनके रुतबे के सौम्य आत्मविश्वास का द्योतक है। क्या प्रधानमंत्री, जिनकी विदेश नीति निपुणता सराहनीय होनी चाहिये, उससे कुछ सबक लेंगे जो विराट ने किया है?

# बार के पूर्व अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ गबन की रिपोर्ट

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ बार के सचिव धोखाधड़ी का मुकदमा सदर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बार एसोसिएशन के 1 करोड़ 87 लाख 36 हजार 92 रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए वर्तमान सचिव शिवकुमार लवानिया ने बार के पूर्व अध्यक्ष मदन गोपाल सिंह, पूर्व सचिव गोपाल गौतम आई व दोनों के रिश्तेदारों के खिलाफ सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सचिव ने वार्षिक चुनाव 2024-25 के समापन के बाद शपथ ग्रहण समारोह में 14 नवंबर 2024 को वर्ष 2023-24 के कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष रहे बृजेश गौतम द्वारा कार्यकारिणी के अध्यक्ष मदन गोपाल व सचिव गोपाल गौतम आई द्वारा की गई वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ जांच के लिए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। इसके अलावा अन्य अधिवक्ताओं ने भी इस संदर्भ में प्रार्थना पत्र दिए थे, जिस पर आम सभा में स्वीकृति लेकर वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए पां सदस्यी कमेटी का गठन किया गया था। जांच में पाया गया कि पूर्व अध्यक्ष व सचिव द्वारा कई अनियमिताएं की गई। उनके द्वारा कूट रचित फर्जी प्रपत्र तैयार कर बार एसोसिएशन को अपने पद का दुरूपयोग करते हुए सदोष हानि कारित करते हुए सदोष लाभ प्राप्त कर 1 करोड़ 87 लाख 36 हजार 92 रुपये का गबन कर लिया। सदर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। राजनैति वैमनस्यता के चलते रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वर्तमान अध्यक्ष उनसे चुनाव हारे थे। पुलिस ने बिना किसी जांच के मुकदमा दर्ज किया है। निष्पक्ष जांच हुई तो सब कुछ साफ हो जाएगा। ईश्वर हमारे साथ है और जीत हमारी होगी-ठा. मदन गोपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से आये उपहार एक दूसरे को किए भेंट

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा के साथ एक नवीन सनातन नवाचार प्रारंभ किया गया है। इस नवाचार के अंतर्गत होली के पर्व के अवसर पर रंगभरी एकादशी से पहले श्री काशी विश्वनाथ धाम से भगवान विश्वनाथ द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान में विराजमान लड्डू गोपाल को उपहार सामग्री वाहन के माध्यम से प्रेषित की गई। इसी प्रकार श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा से भगवान लड्डू गोपाल द्वारा श्री काशी विश्वनाथ जी को भी समारोहपूर्वक भेंट प्रेषित की गई है। इस संबंध में श्री काशी विश्वनाथ महादेव की प्रेरणा से उत्पन्न हुए इस नवाचार के क्रियान्वयन हेतु मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण ने श्री कृष्ण जन्मस्थान के सचिव कपिल शर्मा और गोपेश्वर चतुर्वेदी से बातचीत की थी जिसे श्री कृष्ण जन्मस्थान के अधिकारियों ने भी सहर्ष स्वागत एवं समर्थन किया था। इसी क्रम में शुक्रवार को दोनों स्थानों पर सामिग्री श्रीकृष्ण जी और विधि विधान पूर्वक उपहार की समस्त सामग्री श्री विश्वेश्वर को अर्पित करने के उपरांत पूरे साज-सज्जा और धूमधाम से उत्सव मनाया गया। मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्र डिप्टी कलेक्टर शम्भू शरण विशेषकार्याधिकारी उमेश कुमार सिंह ने भगवान श्री लड्डू गोपाल हेतु उपहार सामग्री प्रेषित की गई। इसी प्रकार मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान से श्री विश्वेश्वर महादेव को अर्पित उपहार भी

# चंवरा चौफूल्या में जीनियस कम्प्यूटर पर निशुल्क आर एस सीआईटी प्रशिक्षण शुरू



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं चंवरा। कस्बे के चौफूल्या में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना का आर के सीएल से अधिकृत सेंटर जीनियस कम्प्यूटर संस्थान पर सूचना प्रोद्योगिकी विभाग उदयपुरवाटी के प्रोग्रामर पुष्पा सैनी व संरपच धर्मराज सैनी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। संचालक बीआर कटारिया ने अतिथियों का सम्मान किया। संयोजक राजकुमार सैनी ने बताया कि बालिकाओं व महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा चयनित 50 प्रशिक्षणार्थि को निशुल्क आर एस सीआईटी कोर्स करवाया जाएगा। इस प्रशिक्षण में हर वर्ग की बालिकाओं व महिलाओं को लाभ मिलेगा।इस मौके पर भगवान सहाय ग्राम विकास अ ि ध क ा र ी चंवरा,अनिता,करिना,ज्योति, कषीश शर्मा,पुनम कुमारी,सुमन सैनी,मनीष सैनी,अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## बांके बिहारी मंदिर में होली का अद्भुत दृश्य, सोने-चांदी की पिचकारी से बरसा रंग



मथुरा। वृंदावन के प्रसिद्ध श्रीबांके बिहारी मंदिर में होली का उल्लास चरम पर पहुंच गया। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के साथ होली खेलने का परम आनंद लिया। मंदिर प्रांगण में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हर ओर राधे राधे की गूंज दिखाई दे रही है। मंदिर के सेवायतों ने परंपरा अनुसार सोने-चांदी की पिचकारी से भक्तों पर गुलाल और केसर के रंग को बरसाया जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। चारों ओर गुलाबी, लाल, पीले रंगों की बौछार से एक अलौकिक नजारा देखने को मिला। देशभर से आए भक्त इस दिव्य होली उत्सव में शामिल होकर धन्य महसूस कर रहे थे। एक भक्त ने कहा कि बांके बिहारीजी के साथ होली खेलने का आनंद शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। ऐसा लगता है मानो स्वयं भगवान हमें अपने सानिध्य में रंगों से सराबोर कर रहे हों। वृंदावन की यह अनोखी होली देश-दुनिया में मशहूर है और हर साल हजारों श्रद्धालु ठाकुरजी के साथ होली खेलने का सौभाग्य प्राप्त करने आते हैं।

# कोसीकलां में ग्रामीणों ने गोवंश से भरी पिकअप के साथ तस्कर पकड़ा

मथुरा। कोसीकलां के गांव बरका में ग्रामीणों ने प्रातः गोवंश से भरी पिकअप गाड़ी को पकड़ लिया। साथ ही एक गोतस्कर भी हत्थे चढ़ गया, जिसे पुलिस के हवाले कर दिया और गोवंश को मुक्त कराया। प्रातः करीब 5:30 बजे गोवंश से भरी पिकअप गाड़ी गांव बरका से होते हुए जा रही थी, तभी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सोनपाल के मकान से टकरा गई। जिससे मकान का गेट टूट गया। टक्कर की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर आ गए। ग्रामीणों को देख गोतस्कर हाथापाई कर हवाई फायरिंग करते हुए भागने लगे। तभी ग्रामीणों ने एक तस्कर को दबोच लिया। जबकि उसके दो साथी भाग निकले। गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें दो गाय, चार सांड़ मिले। पुलिस ने गोवंश से भरी पिकअप को कब्जे में लेकर गोवंश को गोशाला भेज दिया। पकड़े गए तस्कर ने पूछताछ में अपना नाम जिला बुलंदशहर के थाना अरनिया के गांव नगला बंजारा रोहिंदा निवासी मेहंदी हसन बताया। आरोपी ने अपने साथियों के नाम राजू बंजारा निवासी बुलंदशहर, घुररू निवासी गांव सोनई, राया बताया। उसने बताया कि वह गोवंश को इगलास के गांव तोछीगढ़ से सिंगार हरियाणा ले जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर भागे आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## आमने-सामने से बाइक की जोर टक्कर एक युवक की मौत, कई घायल

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। सोमवार को शाहबाद के ढकिया रोड पर तहसील के आगे दो मोटरसाइकिलें आपस में टकरा गई। जिसमें एक युवक मनवीर निवासी दिवियापुर की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। सभी को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायलों का उपचार कर रेफर कर दिया।सोमवार को शाहबाद के दिवीयापुर निवासी मनवीर अपने चाचा चेतराम के साथ शाहाबाद से दवाई लेकर लौट रहा था जबकि दूसरी तरफ से जनपद सम्भल निवासी भूशंकर और राकेश बाइक से आ रहे थे तभी उनकी बाईकें तहसील से आगे भट्टे के सामने आपस में भिड़ गई जिसमें बाइक सवार मनवीर की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए।

## अंत्येष्टि में शामिल होने के बाद रामगंगा नदी में नहाते समय लापता हो गया युवक

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। अंत्येष्टि में शामिल होने रामगंगा नदी पर गया मंगोली का 19 वर्षीय युवक अरुण नदी में नहाते समय लापता हो गया। बताते चले कि कई युवकों के साथ अरुण भी नदी में नहाने चला गया। बाकी सारे युवक तो नहा कर बाहर निकल आए लेकिन अरुण का कुछ पता नहीं चला तब लोगों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना पर तहसीलदार राकेश कुमार चंद्रा नायब तहसीलदार हरीश जोशी व हल्का लेखपाल गौरव कुमार तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की, लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक नहीं मिल पाया था। गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर युवक की तलाश जारी है। घटनास्थल पर तहसीलदार राकेश कुमार चंद्रा, नायब तहसीलदार हरीश जोशी आदि रहे।

# पत्रकार की हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि ने मुख्यमंत्री से मृतक के परिवार को 5 करोड़ रुपए का मुआवजा और नौकरी की मांग की



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। सीतापुर जनपद के महोली तहसील संवाददाता राघवेंद्र बाजपई की निर्मम हत्या करने के विरोध में शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।सोमवार को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब के नेतृत्व में सभी पत्रकार एकजुट होकर तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने सीतापुर जनपद में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपई के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई। इसको लेकर पत्रकार संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पत्रकार के परिवार को 5 करोड़ की आर्थिक मदद के साथ एक सदस्य को सरकारी नौकरी, पत्रकार के हत्यारोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वही शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले पत्रकारों ने पूरे प्रदेश के पत्रकारों की सुरक्षा की मांग करते हुए पत्रकारों के साथ होने वाली छुटमुट घटनाओं को भी गंभीरता से लेने की मांग की। इस अवसर पर संरक्षक सखावत अली, संस्थापक अंकित गुप्ता, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता सचिव वीरेंद्र मौर्य, सचिव शावेज छोटे, सचिव सुनील कुमार के साथ महिला सभा की अध्यक्ष नेहा गुप्ता मौजूद रही।

# किसानों को गन्ना उपज बढ़ाने के दिए टिप्स , अधिक गन्ना बुवाई करें किसान

उत्तर प्रदेश रामपुर अपर गन्ना आयुक्त( समितियां) उत्तर प्रदेश लखनऊ /नोडल अधिकारी मण्डल मुरादाबाद द्वारा उपगन्ना आयुक्त मुरादाबाद के साथ सोमवार को जनपद रामपुर में भ्रमण कर गन्ना विकास परिषद रामपुर के ग्राम धनेली उत्तरी में कृषक ज्वाला प्रसाद के आधार पौधशाला प्लाट व पेडी प्रबंधन का निरीक्षण किया गया कृषक को उपज बढ़ाने हेतु टिप्स भी दिए गए इसके बाद महोदय द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत ग्राम नवदिया समिति मिलक में कृषक देवेंद्र के ट्रेंच विधि से बोए गए प्लाट का निरीक्षण किया कृषक से वार्ता कर सह फसल के बारे में भी जानकारी ली तथा गन्ने के साथ सहफसल करने हेतु प्रोत्साहित किया इसके उपरांत महोदय द्वारा बिलासपुर में सहकारी चीनी मिल के फार्म में गन्ना बुवाई कार्य का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए तत्पश्चात मिल अधिकारियो एवं विभागीय अधिकारियो की बैठक कर चीनी मिल की क्षमता अनुरूप गन्ने के लिए विकास कार्य तथा गन्ना बुवाई हेतु किसानो को प्रोत्साहित कर अधिक से अधिक क्षेत्रफल बढ़ाने हेत समस्त चीनी मिल एवं विभागीय फील्ड कार्मिको एवं निरीक्षकों को कड़े निर्देश किया ।भ्रमण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रामपुर,महा प्रबंधकचीनी मिल बिलासपुर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामपुर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिलक नारायणपुर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बिलासपुर सचिव बिलासपुर, मिलक,रामपुर स्वार एवं चीनी मिल के अधिकारी एवं फिल्ड कार्मिक भी मौजूद रहे।

# मनेश चौहान ने चंदरपुर में कृषि मेला का फीता काटकर किया शुभारंभ

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो





मैनपुरी- ब्लॉक जागीर क्षेत्र के किशनी मैनपुरी मार्ग स्थित ग्राम चंदरपुर में सोमवार को कृषि विभाग एवं ईकोआ संस्थान द्वारा परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत एक दिवसीय जैविक कृषि मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जागीर मनेश चौहान ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद ईकोआ संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप तेवतिया ने मुख्य अतिथि व कृषि विभाग के अधिकारियों का फूल माला व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कृषि मेले में प्राकृतिक सब्जी, जैविक बीज, प्राकृतिक अनाज, घरेलू साबुन, टूथपेस्ट आदि की स्टाल लगाई गयी। विभाग के अधिकारियों द्वारा जैविक खेती कर रहे दर्जनों किसानों को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कृषि विभाग के अधिकारी मास्टर ट्रेनर मेघ सिंह ने कहा बढ़ती हुई गंभीर बीमारियों को देखते हुए सरकार द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए जागरूक करने के लिए उप कृषि निदेशक नरेंद्र कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद के अलग-अलग जगह जैविक कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है। आगे कहा फास्ट फूड बीमारियों की जड़ है, हम सभी को फास्ट फूड से बचना चाहिए। सभी किसान भाई प्राकृतिक जैविक खेती करें तभी आप और आपका परिवार स्वस्थ रहेगा। ज्यादा नहीं दो 2 बीघा प्रत्येक किसान जैविक प्राकृतिक खेती करें। प्राकृतिक खेती करने से आपकी आमदनी भी बढ़ेगी। कृषि मेले में किसानों को जैविक खेती करने के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन मानसिंह ने किया। इस मोके पर अरुण कुमार शर्मा, किशन लाल, हेमंत कुमार, विकास, रामेन्द्र कुमार, डा शौकत अली, संकेत चौहान, मुकेश तिवारी, आज्ञाराम, प्रमोद कुमार आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# व्रन्दावन में कला केंद्र के प्रेक्षागृह में रासलीला अकादमी के प्रशिक्षु कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। वृंदावन में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के प्रशिक्षुओं द्वारा ब्रज कला केंद्र एवं ब्रज संगीत विद्यापीठ मसानी चौराहा के संयुक्त तत्वावधान में केन्द्र के प्रेक्षाग्रह में होलिकोत्सव 2025 मनाया गया। इसके अंतर्गत रास रंग का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना जी के निर्देशन में मनाया गया। रिहर्सल समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार की देखरेख में की गयी ।अकादमी के प्रशिक्षक पंडित आकाश शर्मा के संयोजन में पंडित सुनील पाठक, तबला/ पखावज वादक, पंडित मनमोहन कौशिक, सारंगीवादक, पंडित नदीराम शर्मा वशीवादक, स्वामी घनश्याम भारद्वाज तथा जगदीश पथसारिया सभी का विशेष सहयोग रहा। नृत्य संयोजन सुश्री रोचना शर्मा ने किया। प्रशिक्षुओं में नित्यरास की प्रस्तुति में कीर्ति गोस्वामी, पारुल किशोरी, प्राची डे, शनाया शर्मा, राधा सिंह, नीलम, अंजली चौधरी, कविता चौधरी, आकांक्षा शर्मा, रोशनी शर्मा, प्रियंका शर्मा, पायल शर्मा सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नित्यरास की इस अनुपम प्रस्तुति में सर्वप्रथम मंगलाचरण का नृत्य के साथ अभिनय हुआ और "अनुपम माधुरी जोड़ी, हमारे श्याम श्यामा की" पद का मनोहारी छवि के साथ अभिनय नृत्य बहुत ही सुखद अनुभूति के साथ प्रस्तुत हुआ।

आरती कुंज बिहारी की सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। "वृंदावन बानिक बनो भ्रमर करत गूंजर, दुल्हन प्यारी राधिका दूल्हे नंद कुमार" में दर्शकों ने खूब ताली बजाई । चलो चलो री किशोरी वृंदावन में से पूरा दृश्य वृंदावनमय हो गया। अंत में आज रचो रास रंग में ठाकुर जी के रास में श्री राधा कृष्ण का कथक नृत्य हुआ और श्री कृष्ण के वचनामृत में मैं निज भक्तन हाथ बिकाऊ, आठों याम हृदय में राखूं, पलक नहीं बिसराऊं के साथ ठाकुर जी ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

# ग्रामीण नेतृत्व विकास के लिए प्रतिभागियों ने समूह चर्चा में किया मंथन

## तीसरी सरकार, पंच परमेश्वर विद्यापीठ और विश्व युवक केन्द्र की सकारात्मक पहल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

ललितपुर ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार किए जा रहे नेतृत्व कताओं के लिए आज ग्रामीण नेतृत्व विकास प्रशिक्षण का विषय व विषयगत सामग्री तथा कार्य योजना विषय पर की गई समूह चर्चा में प्रतिभागियों ने किया मंथन।

तीसरी सरकार अभियान के अन्तर्गत पंचपरमेश्वर विद्यापीठ और विश्व युवक केन्द्र संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय ग्रामीण नेतृत्व विकास के लिए आयोजित प्रशिक्षक प्रशिक्षण के दूसरे दिन 90 प्रतिभागियों को अलग अलग समूह में विभक्त किया गया जिसमें समूह संख्या -1 में मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा, समूह संख्या -2 में बलिया और मऊ समूह संख्या-3 में चंदौली, अंबेडकर नगर और बनारस , समूह संख्या - 4 में सोनभद्र, भदोही और मिजार्पुर, समूह संख्या - 5 में बलरामपुर, बाराबंकी, लखनऊ और श्रावस्ती ,समूह संख्या- 6 में झांसी, कानपुर और ललितपुर, समूह संख्या - 7 में मैनपुरी, प्रयागराज, औरंगाबाद और सीतामढ़ी, समूहों से समूह चर्चा करायी गई।

आचार्य नरेन्द्र देव सभागार महात्मा गॉंधी काशी विद्यापीठ आयोजित प्रशिक्षण में समूह चर्चा से पहले प्रशिक्षण के निर्देशक और तीसरी सरकार अभियान व पंचपरमेश्वर विद्यापीठ के संस्थापक चन्द्र शेखर प्राण ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण में तीसरी सरकार अभियान के व्दारा इंडिया पंचायत फाउंडेशन,पंच परमेश्वर विद्यापीठ, विश्व युवक केन्द्र,व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के साथ समन्वय स्थापित कर ग्रामीण नेतृत्व विकास के लिए धरातल पर कार्य करने वाले प्रशिक्षक तैयार किये जा रहे हैं, जिससे कि ग्रामीण विकास के लिए उजार्वान और निष्ठावान नेतृत्व कताओं को तैयार किया जा सके।

विश्व युवक केन्द्र के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा0 अजीत राय ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण ग्रामीण नेतृत्व विकास का आधार बनेगा।

एन आई आर डी हैदराबाद के प्रतिनिधि प्रौफेसर डा0 लाखन सिंह ने कहा कि एन आई आर डी हैदराबाद और तीसरी सरकार अभियान दोनों ही पंचायतों तथा ग्रामीण क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे हैं।

समूह चर्चा में डा0 गीता शर्मा ने संदर्भ व्यक्ति के रूप में योगदान किया तथा धन्यवाद ज्ञापन एवं सत्र व्यवस्था डा0 रवि प्रकाश गुप्ता विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेवापुरी के व्दारा किया गया।

समूह चर्चा उपरांत सत्र में डॉ रिचा चौधरी, डीन, लॉ फैकल्टी श्री गुरु गोविंद सिंह, त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय गुरु ग्राम, हरियाणा, श्री राम पप्पू अधिशाषी निदेशक मिशन समृद्धि चेन्नई, डॉ. रितिक असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स एसजीटी विश्वविद्यालय गुड़गांव, हरियाणा, प्रो. निमिषा गुप्ता

समाज कार्य संकाय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी श्री पंकज त्रिपाठी प्रभारी मिशन समृद्धि उत्तर प्रदेश के व्दारा भी प्रतिभागियों को मार्गदर्शित किया गया।

प्रशिक्षण में उतर प्रदेश के अलावा बिहार, के प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं।

प्रशिक्षण के संचालन की व्यवस्था में श्री विनोद मिश्रा, डा0 प्रशांत कुमार, विपिन मिश्रा प्रयागराज, मीडिया प्रभारी तीसरी सरकार अभियान मुकन्द वल्लभ शर्मा मेरठ, उत्तर प्रदेश के संयोजक प्रमोद चौधरी, चमन सिंह बिजनौर, भूपसिंह मथुरा, उमेश चौबे सोनभद्र, लवकुश कुशवाहा मऊ, अमित त्रिपाठी, आकांक्षा पाण्डेय झांसी, श्रीमंती मधू सैनी व शिवानी मुजफ्फरनगर एवं महात्मा गॉंधी काशी विद्यापीठ का योगदान सराहनीय रहा।

# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी द्वार का हुआ लोकार्पण



एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर विधानसभा क्षेत्र 226 ललितपुर सदर के ब्लॉक जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत राखपंचमपुर में विधायक निधि वर्ष 2024-25 से नवनिर्मित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति द्वार का लोकार्पण सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने किया। इस दौरान बख्तर प्रधान महेश अहिरवार, राख पंचमपुर के पूर्व प्रधान जयराम राजपूत और अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र रजक ने सदर विधायक का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। होली उपरांत रंगपंचमी पर इस स्थान पर राख पंचमपुर का सुप्रसिद्ध मेला भरता है, जिसमें क्षेत्र के चारों ओर से श्रद्धालु आते है और मेला क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय ग्रामीणों में सदर विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया। सदर विधायक ने सर्वप्रथम स्थानीय सिद्ध क्षेत्र में पूजा अर्चना की और मेला तैयारियों का जायजा लिया। स्मृति द्वार का लोकार्पण करते हुए सभी से वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के आदर्शों पर चलने का आह्वाहन किया और कहा कि यह द्वार वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के त्याग, कीर्ति, वैभव की स्मृति को अमर रखेगा और युवा पीढ़ी उनके त्याग को जान सकेगी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री बलराम लोधी, जिला सहकारी बैंक उपसभापति श्रीकान्त कुशवाहा, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सम्राट राजा, भीष्म प्रताप बुंदेला, सुरेंद्र रजक करमरा देशपत कुशवाहा, देव सिंह राजपूत, मुकेश लोधी, अरविन्द नरवरिया, जयराम राजपूत, निहाल राजपूत,सुजान कुशवाहा, करन कुशवाहा, ऋषि चौबे, अरस्तु उपाध्याय, अन्नू कंचन, जगदीश कंचन, पुरसोत्तम कुशवाहा, मौसम नायक, अजय अहिरवार राजपूत समाज के भाई बंधु उपस्थित रहे।

# भारत के चैंपियन ट्रॉफी जीतने की खुशी में बिल्ला में की गई आतिशबाजी



**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर रविवार को भारत ने चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियन ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया. इसके बाद लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. जीत की खुशी हर भारतीय को हुई पूरे देश में जीत का जश्न मनाया गया इसी तरह थाना बानपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिल्ला में टीम इंडिया की जीत की खुशी में जमकर जश्न मनाया गया, साथ ही आतिशबाजी भी की गई गांव के टैक्सी स्टैंड चौराहे पर सभी लोग एकत्रित होकर बडी संख्या में जश्न मनाने पहुंचे. और आतिशबाजी कर धमाल मचाया. इंडिया की जीत पर गांव में क्रिकेट प्रेमी जमकर झूमे और एक दूसरे को जीत की बधाई दी भारत माता की जय के नारे लगाए

इस मौके पर मंगल सिंह बड़ड़े, हरवंश सिंह, गोविंद्र सिंह, सम्मर सिंह, शिवम, शिशुपाल सिंह,प्रभान सिंह,राहुल सिंह,हमवीर सिंह,लोकपाल सिंह, मानवेंद्र सिंह,पुष्पेंद्र राजपूत पत्रकार, शिवभानु सिंह लोधी , जगभान सिंह,शत्रुघ्न सिंह सदर, चाली राजा, तेजपाल सिंह लम्बरदार,रामराज, सुरेंद्र सिंह, राजकुमार,अजय राजपूत, गजेंद्र सिंह, सत्यम, सुंदरम,सहित बडी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# रायकवार समाज की एक बैठक सम्पन्न निषाद जयंती की रूपरेखा तैयार

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। रायकवार समाज की एक बैठक रिसाला मंदिर पर आहुत की गई, जिसकी अध्यक्षता सदर माते गरीबे माते की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी दो अप्रैल को आने वाली निषाद जयंती को मनाने के रूपरेखा तय कर विचार विमर्श किया गया। वही महिला मोर्चा की पुष्पा रायकवार ने भी अपने विचार रखे। उसके बाद एक अस्थाई समिति का गठन किया गया, जिसमें संरक्षण मंडल का गठन किया गया। संरक्षक मण्डल में भोगने रायकवार, हीरालाल, महेश, द्वारिका प्रसाद, महेश, विनोद रायकवार को बनाया गया। वहीं एक शोभा यात्रा के लिये भी एक कार्यकारणी का गठन किया, जिसमे अध्यक्ष गरीबदास रायकवार और उपाध्यक्ष शशांक रायकवार, कुलदीप, नरेश रायकवार, मक्खन लाल, पंकज (स्टेशन) को, महामन्त्री लोकेश निषाद एड., सन्तोष, राज रायकवार और कोषाध्यक्ष के लिए मुकेश रायकवार को, प्रचार मंत्री भगत रायकवार को, मीडिया प्रभारी पद पर रमेश रायकवार, पंकज कुमार रायकवार पत्रकार, पुष्पेंद्र, सचिव पर पप्पू रायकवार, नंदकिशोर के साथ सदस्यों को भी सर्वसम्मति से चुना। अंत में विनोद रायकवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह, इमरान खान व उनकी टीम मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार, आरक्षी उज्जवल पाण्डेय व शाकिर अली द्वारा आरोपी संतोष निषाद उर्फ बबुआ निवासी ग्राम रगौली थाना राजापुर को एक किलो 400 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# बाल खिलाड़ियों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला एवं जिला व्यायाम शिक्षक दयानन्द सिंह ने राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों को सोमवार को हरी झंडी दिखाकर बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना किया। यह विद्यार्थी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला व्यायाम शिक्षक दयानन्द सिंह ने बताया मण्डलीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुए है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 11 व 12 मार्च को गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम लखनऊ में आयोजित होनी है। जिसमें चित्रकूट, रामनगर, मानिकपुर एवं पहाड़ी ब्लाक के विद्यार्थी व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से खेलकूद में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए सोमवार को चयनित विद्यार्थियों को बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

इस मौके पर बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय लिपिक सन्दीप सिंह, ब्लाक व्यायाम शिक्षक चित्रकूट महेन्द्र कुमार सिंह, ब्लाक व्यायाम शिक्षक पहाड़ी रामनारायण साहू, शिक्षक बिहारीलाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रामभूषण पाण्डेय, हनुमंत शरण, वागीश शुक्ला, शिवकृपाल सिंह, प्रमोद द्विवेदी, महेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार मिश्र, जय सिंह आदि मौजूद रहे।

# निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करें जन समस्याओं का निस्तारण- एडीएम



चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस पोर्टल में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि किसी विभाग को समस्या हो, तो कलेक्टरेट में प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस एवं सम्बन्धित लिपिक से समझ ले ताकि निस्तारण में गलती न हो। कहा कि जिन भी समस्याओं का निस्तारण किया जाए, उनका मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करें। कोई भी प्रकरण डिफाल्टर नहीं होना चाहिए, अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी को ही जिम्मेदार माना जाएगा। कहा कि समस्याओं के निस्तारण के दौरान जो भी आख्या लगाई जाए, वह स्पष्ट होनी चाहिए। किसी भी समस्या के निस्तारण में गलत रिपोर्ट नहीं होनी चाहिए। यदि किसी के पास अन्य विभागों से सम्बन्धित कोई प्रार्थना पत्र आ गया है, तो तत्काल सम्बन्धित विभाग को वापस करें। कहा कि तहसील दिवस के प्रकरणों के निस्तारण में भी शासन स्तर पर जनपद की रैंकिंग ठीक नहीं है। सभी उपजिलाधिकारी सम्बन्धित विभागों से संपर्क करके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। निस्तारण आख्या को फीड करने से पहले यह जान ले की समस्याग्रस्त व्यक्ति समाधान से संतुष्ट है की नहीं। समस्याओं के निस्तारण के दौरान श्रेणी चयन में भी विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि एक से 10 मार्च तक निस्तारित की गई समस्याएं जिनमें फीडबैक असंतुष्ट प्राप्त हुए हैं, उनके सम्बन्ध में आईजीआरएस कार्यालय में संपर्क करके निस्तारण कराए।

अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने बताया कि आईजीआरएस निस्तारण की जो नई प्रक्रिया शासन द्वारा शुरू की गई है, उसमें अभी सम्बन्धित विभागों द्वारा शासन की मंशानुरूप निस्तारण गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है। जिससे विभिन्न संदर्भ निस्तारण में डिफाल्टर तथा सी श्रेणी में आ जाते हैं, जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मऊ सौरभ यादव, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, राजापुर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम के जतारया, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र, सहायक निदेशक मत्स्य भानुचंद्रा, जिला दिव्यांग जन शक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# टीचर सेल्फ केयर टीम दिवंगत परिवारों हेतु वरदान- अमर बहादुर सिंह

चित्रकूट ब्यूरोः टीएससीटी के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद के निर्देश के क्रम में जनपद चित्रकूट के शिक्षक स्व अशोक कुमार पटेल के नॉमिनी को सहयोग करने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने बाद उपस्थित सभी साथियों द्वारा अशोक के पुष्प पर पुष्प अर्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। बताया कि टीएससीटी द्वारा सहयोग हर माह के 15 से 25 तारीख के बीच होता है। अब तक टीएससीटी द्वारा 276 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को लगभग 109 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस कार्यक्रम में प्रभारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शंशाक शेखर शुक्ला तथा टीचर केयर सेल्फ टीम के जिला संयोजक अमर बहादुर सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें जनपद के बहुत सारे शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभासद एवं वरिष्ठ पत्रकार शंकर प्रसाद यादव का अतीत मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। जिला अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने कहा कि टीचर सेल्फ केयर टीम टीचर के लिए टीचर द्वारा टीचर के लिए है जिससे हमारे जनपद में यह दूसरा सहयोग हो रहा है इसके द्वारा शिक्षक शिक्षकों के ही सहयोग करके लगभग पचास से साठ लाख की धनराशि नमनी के खाते में एकत्रित करते हैं जिससे उनके परिवार में आने वाली समस्याओं को दूर किया जा सकता है।

# 800 काश्तकारों को वितरित किए गए जोत चकबंदी आकार पत्र

चित्रकूट ब्यूरोः सदर तहसील के बाबूपुर गांव में सोमवार को चकबंदी अधिनियम की धारा 20 का प्रकाशन कराया गया। इस दौरान लगभग 800 काश्तकारों को जोत चकबंदी आकार पत्र 23 भाग एक का वितरण किया गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित पंचायत भवन में पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार सोमवार को हुई चकबंदी चैपाल में अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उपसंचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने बताया कि चकबंदी आयुक्त तथा जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश है कि चकबंदी प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता बरती जाए। उत्तर प्रदेश चकबंदी अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत प्रारम्भिक चकबंदी योजना के प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर अधिनियम की धारा 21 के अधीन चक आपत्ति प्रस्तुत करने का प्राविधान है, जो चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में पंजीकृत की जाएगी। धारा 20 के प्रकाशन के बाद यदि किसी कृषक को आपत्ति है, तो चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में तथ्यों के साथ आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है या 15 दिन के अंदर आपत्ति चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत कर दी जाए।

अपर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सभी कृषकों को चक के सम्बन्ध में विस्तृत एवं बिन्दुवार जानकारी देते हुए बताया कि चकबंदी आकार पत्र 23 में अंकित अभिलेखों को समझ लें। इनमें कोई आपत्ति होने पर चक आपत्ति दायर करके अनुतोष प्राप्त किया जा सकता है।

# राष्ट्रीय लोकदल की जन सभा ग्राम नाराहट में सम्पन्न

## युवा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुशवाहा उर्फ परशु भैया का किया गया भव्य स्वागत

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर जनपद ललितपुर के युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुशवाहा उर्फ परशु भैया ने ग्राम नाराहट में जनसंपर्क किया जहां पर लोगों ने उनका बहुत स्वागत किया और ग्राम नाराहट के शिव मंदिर पर जनसभा की गई जहां पर युवा एवं किसानों ने पहुंचकर अपनी-अपनी समस्याएं रखी राष्ट्रीय युवा लोकदल के जिला अध्यक्ष ने सभी किसानों की तमाम समस्याएं सुनिए और उन्होंने किसानों के लिए आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द निपटाया जाएगा और जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक उनकी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार से किसानों की समस्याओं को निपटाया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित शैलेंद्र सिंह सौरभ श्रीवास्तव राजेंद्र दीक्षित दीपक नारायण पंडित जी वशीम शेख जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ सिंघम कुशवाहा जिला नगर सचिव इकरार खान जिला उपाध्यक्ष नौशाद खान नगर उपाध्यक्ष देवेंद्र कुशवाहा प्रचार मंत्री सुनील कुशवाहा जिला सचिव मर्दन सिंह यादव अक्षय कुशवाहा अन्ना नीरज कुशवाहा मोहित राजपूत राजा कुशवाहा मदन कुशवाहा खिलान कुशवाहा काशीराम कुशवाहा गोकुल कुशवाहा धर्मेंद्र साहू गोलू खटीक पवन कुशवाहा संतोष कुशवाहा मुन्ना साहू आसाराम कुशवाहा लकी गोलवानी दीपक कुशवाहा मुकेश कुशवाहा श्रीकांत चौधरी राजू विश्वकर्मा अशोक सेन आदि उपस्थित रहे।

# काली पट्टी बांधकर सड़कों पर उतरे पत्रकार, प्रदर्शन कर दिया धरना, सीएम को भेजा ज्ञापन

चित्रकूट ब्यूरोः सीतापुर जिले में पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में सोमवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही धरना देने के बाद ज्ञापन सौंपकर कर हत्यारोपियों को गिरफ्तार करते हुए कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई।

जिला मुख्यालय में सोमवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सीतापुर के महोली कस्बे के निवासी पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से जिले के सभी पत्रकारों में शोक व्याप्त है। हत्यारोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। बताया कि स्व. राघवेन्द्र बाजपेयी ने कुछ दिन पूर्व धान खरीद में अनियमितता की खबरों का प्रकाशन किया था। इससे कुछ लोग उनसे नाराज थे। इसके चलते बीते शनिवार की दोपहर तीन बजे बाइक सवार तीन बदमाशों और थार गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उनका पीछा किया। सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हेमपुर रेलवे क्रासिंग के पास बने ओवर ब्रिज पर पहले बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। मृतक पत्रकार के परिजनों के अनुसार लगभग 10 दिन पहले उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। दिन दहाड़े हुए इस हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस को तत्काल गिरफ्तार करना चाहिए। साथ ही हत्यारोपियों पर कठोर कार्यवाही करते हुए मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। ऐसा न होने पर आज के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद पत्रकार अब उग्र आंदोलन करेंगे। इसके पूर्व पत्रकारों ने चित्रकूट प्रेस क्लब कार्यालय से नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और कलेक्टरेट पंहुच कर धरना दिया। इस दौरान सदर विधायक अनिल प्रधान, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, भाकपा के जिला सचिव अमित यादव भी धरना स्थल पर पंहुच गए और सभी नेताओं ने पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई हत्याकांड के मामले में प्रदेश सरकार और सीतापुर पुलिस को कटघरे में खड़ा किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी राजेश प्रसाद को सौंपा गया। इस मौके पर जिले के समस्त वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग की गलती से छात्र का भविष्य दांव पर

## 12वीं बोर्ड के छात्र ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर मुर्गा बनाकर लगायी भविष्य बचाने की गुहार

**ब्यूरो -एनपीटी**

बूंदी 10 मार्च। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में इस बार लगातार गड़बड़झाला सामने आ रहा है। बूंदी में सोमवार को बोर्ड परीक्षा में फिर एक अनूठा मामला सामने आया। विद्यालय में कम उपस्थिति के नाम पर परीक्षा से वंचित किये गये छात्र ने सीनियर सेकंडरी 12 वी बोर्ड के छात्र ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर मुर्गा बनकर भविष्य बचाने की गुहार लगायी।

बूंदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र विशाल सैनी को सीनियर सेकेंडरी कला वर्ग में अर्द्धवार्षिक परीक्षा देने के बावजूद बोर्ड वार्षिक परीक्षा से वंचित करने का मामला सामने आया है।पीड़ित छात्र विशाल सैनी ने सोमवार को बूंदी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर मुर्गा बनकर प्रदर्शन करते हुये न्याय की मांग की।

**जिला शिक्षा अधिकारी से मिले**

छात्र ने अपने पिता के साथ इस मामले में राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा से मदद मांगी।जिसके बाद



शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और पीड़ित छात्र विशाल सैनी व उसके पिता देवराज सैनी के साथ वजिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ओमप्रकाश गोस्वामी से मिले।छात्र को अर्द्धवार्षिक परीक्षा देने के बावजूद वार्षिक परीक्षा से वंचित किये जाने पर शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष कड़ा आक्रोश जताया और शिक्षा विभाग से छात्र का भविष्य बचाने के लिये उसे बोर्ड परीक्षा में शामिल करने की मांग रखी। छात्र के पिता देवराज सैनी ने भी जिला शिक्षा अधिकारी के हाथ जोड़कर बच्चे का भविष्य बचाने का आग्रह किया।

**छात्र के तीन पेपर छूटे**

बोर्ड परीक्षा 7 मार्च से प्रारंभ हो गयी थी। ऐसे में 12वीं कला बोर्ड के छात्र विशाल सैनी के सोमवार तक तीन पेपर छूट गये हैं और भविष्य खतरे में आ गया है। छात्र ने बताया कि पहले तो विद्यालय प्रशासन के द्वारा उसे किसी दूसरे विशाल नाम का प्रवेश पत्र दे दिया गया था लेकिन बाद में घर जाकर जब उसने देखा कि उसमें माता-पिता का नाम अलग है तो अगले दिन वापस प्रवेश पत्र विद्यालय में दे दिया। विद्यालय वालों ने कुछ देर प्रवेश पत्र ढूंढा फिर कंप्यूटर पर रिकार्ड देखा और कहा कि तुम्हारा अनुपस्थिति के कारण प्रवेश पत्र नहीं आया है और आगे तुम्हें ओपन से परीक्षा दिलवा देंगे जिसमें तुम्हारा कोई पैसा खर्च भी नहीं होगा सारी फीस हम जमा करवा देंगे।

**छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ असहनीय -शर्मा**

राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा लगातार छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ की जा रही है, यह असहनीय है।उन्होंने कहा कि शिक्षा को हमारे संविधान में मौलिक अधिकार घोषित किया गया है और बोर्ड को छात्रों को इस तरह किसी भी कीमत पर परीक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिये। शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिक्षा विभाग की गलती से छात्र की तीन पेपर छूट गए हैं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को छात्र के लिये छूटे हुये प्रश्नपत्रों की विशेष परीक्षा आयोजित करवानी चाहिये।

**पहले भी घर से बुलवाकर दिलवायी थी परीक्षा**

पहले भी बूंदी में दसवीं बोर्ड के छात्र कुलदीप सोनी को प्रवेश पत्र आने के बाद भी उपस्थिति कम बताकर परीक्षा से वंचित करने पर न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों को छात्र को आखिरी समय पर घर से बुलवाकर परीक्षा दिलवायी गयी थी।

# इस्पायर अवार्ड के लिए तीन छात्रों का चयन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 10 मार्च। प्राचार्य सुषमा यादव ने बताया कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आनन्द नगर खैरथल तिजारा के कक्षा-8 के तीन छात्रों का चयन रसत्र 2024-25 में इस्पायर अवार्ड के लिए चयन हुआ है। विद्यालय से अनीकेत पुत्र जयकिशन, चंदन कुमार पुत्र प्रदीप, राज पुत्र मुकेश कुमार सैनी का इस्पायर अवार्ड के लिए चयन हुआ।

प्राचार्य सुषमा यादव ने बताया कि विद्यालय की




इंस्पायर अवार्ड प्रभारी सुषमा चौधरी एल-2 अध्यापिका के दिशा-निर्देश व विद्यार्थियों की मेहनत से तीनों प्रतिभाओं का चयन हुआ है। प्राचार्य द्वारा विद्यालय में तीनों छात्रों को मोमेन्टो देकर उनके उज्जवल अविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही उनके माता पिता को भी बधाई दी। इस कार्यक्रम के दौरान इंस्पायर अवार्ड प्रभारी-सुषमा चौधरी, विद्यालय स्टाफ शंकरलाल, उम्मेद सिंह, रविकान्त, अन्नु, सुमेला, प्रियंका, तीनो बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत अर्जुन ने छठी बार व दीपक ने दूसरी बार किया स्वैच्छिक रक्तदान



**ब्यूरो -एनपीटी**

बूंदी मानव सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत युवा जागरूक होकर कर रहे हे स्वैच्छिक रक्तदान, दीपक कहार ने दूसरी बार कोटा से बूंदी आकर किया स्वैच्छिक रक्तदान ओर अर्जुन कहार ने 6वि बार किया स्वैच्छिक रक्तदान मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश खोईवाल ने बताया की स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए समिति द्वारा रक्तदान महादान की जागरूकता के लिए चलाए जा रहे, एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत रक्तवीर दीपक कहार ने 35 किलो मीटर दूर कोटा से बूंदी ब्लड बैंक आकर दूसरी बार स्वैच्छिक रक्तदान किया तो वहीं अर्जुन कहार ने छठी बार स्वैच्छिक रक्तदान किया

रक्तदान कर अर्जुन कहार ने कहा की वर्तमान में गर्मी की वजह से बूंदी ब्लड बैंक में रक्त भारी कमी हो रही है। आज हम दोनों जीजा साला ने राजेश खोईवाल की सूचना पर स्वैच्छिक रक्तदान किया है और हमे खुशी हे की हमारे रक्तदान करने से किसी अनजान मरीज को जीवनदान मिलेगा, और युवाओं से निवेदन करता हु की वर्तमान में मरीजों को बल्ड की कमी के चलते रक्त नहीं मिल पा रहा है इसलिए बूंदी बल्ड बैंक पहुंचकर एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत स्वैच्छिक रक्तदान जरूर करे जिससे की जरूरत मंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाकर मरीजो का जीवन बचाया जा सके। इस दौरान रवि कुमार सूरज राठौर, सोनू डगोरिया, एडवोकेट रमेश चंद्र आजाद, बल्ड बैंक प्रभारी नारायण सिंह हाडा, लक्ष्मी गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# बाबा मोहन राम मेले की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर ने की समीक्षा

**एनपीटी ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 10 मार्च। बाबा मोहन राम मेले की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बीड़ा भिवाड़ी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की और मेले के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेला स्थल का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस प्रशासन, नगर परिषद, चिकित्सा विभाग और यातायात व्यवस्था से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

उन्होंने सुरक्षा प्रबंध हेतु पुलिस बल की तैनाती और पेट्रोलिंग बढ़ाने के



निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन अधिकारी को सुगम यातायात के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित करने तथा चिकित्सा अधिकारियों को आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए एंबुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। आयुक्त नगर परिषद भिवाड़ी को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल स्टॉल, शौचालय और सफाई की विशेष व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि मेला शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो, इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करना होगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा अतुल प्रकाश, आयुक्त नगर परिषद मुकेश कुमार, भिवाड़ी सीओ सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पशु चिकित्सक विभिन्न मांगू को लेकर दो दिवसीय सामूहिक अवकाश धरना प्रदर्शन



**ब्यूरो -एनपीटी**

बूंदी! पशु चिकित्सक संघ प्रदेश व्यापी आह्वान के तहत विभिन्न मांगू को लेकर मुख्यमंत्री के नाम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया! जिला अध्यक्ष भंवर लाल मीणा के नेतृत्व में पशु चिकित्सक संघ की पांच सूत्रीय मांगू को लेकर ज्ञापन दिया गया! ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मंगला बीमा योजना में परियोजना भता जोड़ा जाए! वेटरनरी सर्विस फीस रूल्स 2013 में महंगाई एवं समय एवं कार्य की प्रकृति के आधार पर आवश्यक वृद्धि की जाए! बिना किसी न्यायिक बादा अथवा विशेष कारण के विगत 8 वर्षों से लंबित डीपीसी को तुरंत प्रभाव से पूरा किया जाए! महंगाई वर्तमान समय एवं कार्य की प्रकृति के आधार पर फील्ड के पशु चिकित्सकों का हार्ड ड्यूटी अलाउंस 650 से बढ़कर ?5000 प्रतिमाह किया जाए! पशु चिकित्सकों को अन्य राज्यों की भांति एनपीएस नॉन प्रेटिक्स अलाउंस दिया जाए! उपरोक्त मांगों को शीघ्र समाधान हेतु प्रदेश भर के पशु चिकित्सको ने एकदिवसीय सांकेतिक धरना दिया जा रहा है प्रदेश के समस्त पशु चिकित्सक एवं नव नियुक्त पशु चिकित्सक इमरजेंसी ड्यूटी के लिए छोड़कर एक दिवसीय अवकाश पर रहेंगे! विभिन्न मांगो को शिघ्र अति शीघ्र समाधान करने की मांग की गई! ज्ञापन के दौरान जिले से समस्त पशु चिकित्सक मौजूद रहे

# 'दुष्कर्मियों को नपुंसक बनाने का बने कानून, छेड़छाड़ करने वालों की पिटाई हो', हरिभाऊ बागडे का बयान

भरतपुर । राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को भरतपुर जिला बार संघ के शपथ ग्रहण समारोह में बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, जिस तरह नगर निगम आवारा श्वानों का बधियाकरण करता है, उसी तरह दुष्कर्मियों को भी नपुंसक बना देना चाहिए।

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भरतपुर के महात्मा गांधी पशु चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित जिला बार संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने महिला अत्याचारों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, जो व्यक्ति महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी हरकत करता है, उसके खिलाफ ऐसा कानून बनना चाहिए, जिसमें उसे तुरंत पकड़कर नपुंसक बना दिया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में लोगों को वीडियो बनाने की बजाय मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई अपराध करता है, तो वह अकेला होता है। लेकिन अगर समाज एकजुट होकर मदद के लिए आगे आएगा तो अपराधियों को रोकना संभव होगा। महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए राज्यपाल बागडे ने बताया कि वहां एक ग्राम पंचायत में जब कुत्तों की संख्या अधिक हो गई थी तो उनका नसबंदीकरण किया गया था। इसी तरह दुष्कर्मियों के खिलाफ भी कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए, जिससे ऐसे अपराधियों को तुरंत पकड़कर नपुंसक बनाया जा सके।

# सीएम भजनलाल शर्मा पहुंचे खाटूनगरी, बाबा श्याम के दर्शन कर की प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सीकर । सीएम भजनलाल शर्मा सोमवार को सीकर जिले में स्थित खाटूश्याम जी के दरबार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सपरिवार बाबा श्याम के दर्शन किए और प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की।

सीकर जिले की खाटूनगरी श्याम रंग में रंगी नजर आ रही है। फाल्गुनी एकादशी के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी एकादशी के पर्व पर परिवार सहित खाटूश्याम जी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बाबा श्याम के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

रींगस रोड से आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए इस बार भी 14 लाइनें लगाई गई हैं, जिससे वे व्यवस्थित तरीके से बाबा की चौखट तक पहुंच सकें। रींगस से खाटू तक कारपेट बिछाया गया है, ताकि श्रद्धालु आसानी से चल सकें। हालांकि, खाटू धाम पहुंचने के बाद भक्तों को आठ किलोमीटर का सफर तय करना होगा। श्रद्धालुओं को मुख्य प्रवेश द्वार से चारण मैदान होते हुए बाबा के दर्शन के लिए आगे बढ़ना होगा। चारण मैदान में टीन शेड से कवर किए गए अस्थाई जिगजैग बनाए गए हैं, जहां से भक्त लखदातार मैदान पहुंचेंगे।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम-मेला प्रभारी एवं एसडीएम मोनिका सामोर ने बताया कि इस बार दर्शन के लिए नौ ब्लॉक बनाए गए हैं, ताकि भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सके। सरकारी प्रोटोकॉल वाले श्रद्धा को छोड़कर किसी के लिए श्रद्धा दर्शन की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

पहली बार बाबा की मूर्ति से 50 मीटर पहले मेटल डिटेक्टर-इस बार सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता किया गया है। पहली बार मंदिर परिसर की 14 लाइनों में मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। रींगस डायवर्जन से लाइन में लगने वाले भक्तों की जांच पहले से ही होती थी, लेकिन अब मंदिर में बाबा की मूर्ति से 50 मीटर पहले सभी लाइनों में भी मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं।

उठ्ळश और ड्रोन से निगरानी-मेले की सुरक्षा के लिए 400 से अधिक उठ्ळश कैमरे लगाए गए हैं, जो रींगस से खाटूश्यामजी के मार्ग और खाटू नगरी की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। 10 सेक्टर में करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जबकि 4500 आरएसी जवान भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में जुटे हैं। बाबा श्याम के लक्खी मेले में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की है, जिससे भक्त बिना किसी परेशानी के दर्शन कर सकें।

# नगर भ्रमण पर निकले बाबा श्याम, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा, पुलिस की सख्ती भी दिखी

सीकर । खाटूश्यामजी में फाल्गुनी एकादशी महोत्सव के मौके पर 125 किलो चांदी से बने भव्य रथ में बाबा श्याम नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी हुई।

सीकर जिले के खाटूश्यामजी में फाल्गुनी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम की भव्य रथयात्रा निकाली गई। 125 किलो चांदी से निर्मित करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत वाले इस अलौकिक रथ में विराजित होकर बाबा श्याम नगर भ्रमण पर निकले। रथ यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे व्यवस्था संभालने में प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

रथयात्रा की शुरुआत प्राचीन श्याम कुंड से हुई और यह अस्पताल चौराहा, पुराना बस स्टैंड होते हुए मुख्य बाजार के कबूतर चौक पर समाप्त हुई। रास्ते में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए और जयकारों से पूरा खाटू



नगर गूंज उठा। भक्तों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए गए, साथ ही ठंडे पानी और इत्र की बौछार कर उन्हें राहत दी गई।

**श्रद्धालुओं की भीड़ पर पुलिस की सख्ती, धक्का-मुक्की और लाठियां चलीं**

रथ यात्रा के दौरान बाबा के रथ को छूने और धक्का देने के लिए श्रद्धालु उत्साहित नजर आए। लेकिन बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को सख्ती बरतनी पड़ी। कई स्थानों पर पुलिस ने धक्का-मुक्की कर श्रद्धालुओं को पीछे हटाया और कुछ को थप्पड़ भी जड़े। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 500 पुलिसकर्मी और 4500 आरएसी के जवान तैनात किए गए हैं। खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। रविवार रात से ही मंदिर परिसर में भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जिगजैग लाइन में धूप और गर्मी के कारण चार श्रद्धालु बेहोश हो गए, जिन्हें तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

**मेले में 25 चोर पकड़े गए, 10 मोबाइल और नकदी बरामद**

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच चोरी और जेबतराशी की घटनाएं भी सामने आईं। पुलिस की उठ्ळ टीम ने 25 चोरों को पकड़ा, जिनमें 20 जेबकतरे और 5 मोबाइल चोर शामिल हैं। इनके पास से 10 मोबाइल और नकदी बरामद की गई।

**रींगस रोड पर श्रद्धालुओं ने पकड़ा जेबकतरा**

रींगस से खाटूश्यामजी जाने वाले रास्ते पर एक जेबकतरा श्रद्धालु का मोबाइल चोरी करते पकड़ा गया। गुस्साए भक्तों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मेले की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। रींगस रोड, मंढा रोड और अलोदा तिराहा सहित पूरे खाटू नगरी को 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया है। इसके अलावा, इस बार मेला क्षेत्र को ड्रोन कैमरों से भी मॉनिटर किया जा रहा है। साथ ही चारों दिशाओं में बड़े विद्युतीकृत गेट बनाए गए हैं, जिन पर चार देवताओं की आकृतियां उकेरी गई हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परिवार सहित किए बाबा श्याम के दर्शन

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपनी पत्नी के साथ खाटूश्यामजी मंदिर पहुंचे। मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान और पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने उनका स्वागत किया और उन्हें विशेष पूजा-अर्चना करवाई। मुख्यमंत्री की पत्नी की बाबा श्याम में गहरी आस्था है और उन्होंने एकादशी का व्रत रखा। पिछले साल भी वे इसी अवसर पर बाबा श्याम के दर्शन करने आई थीं।

**मेले में श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में पहुंची**

फाल्गुनी एकादशी के मौके पर लाखों श्रद्धालु खाटूश्यामजी पहुंचे। मंदिर के सभी 14 दर्शन लाइनें पूरी तरह भर गईं और 75 फीट ग्राउंड पर हजारों श्रद्धालु कतार में लगे नजर आए। भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों से पूरा खाटू नगरी भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। खाटूश्यामजी की फाल्गुनी एकादशी मेले की यह रथयात्रा हर साल भक्तों के लिए विशेष महत्व रखती है। इस बार सुरक्षा, व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की संख्या के लिहाज से यह मेला अभूतपूर्व रहा।

# 2 बजे तक होली, उसके बाद होगी संपन्न होगी नमाज

## डीएम व एसपी ने कलेक्ट्रेट में होली के त्यौहार के मद्देनजर ली गणमान्य लोगों की बैठक, होली पर माहौल खराब किया तो होगी कार्रवाई





एनपीटी संवाददाता

**शामली।** होली के त्यौहार को लेकर सोमवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान व एसपी रामसेवक गौतम ने गणमान्य लोगों की बैठक ली। दोनों ही अधिकारियों ने त्योहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे से मनाने की अपील की वहीं असामाजिक तत्वों को भी सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार 2 बजे तक मनाया जाएगा, उसके बाद किसी को त्यौहार मनाने की अनुमति नहीं होगी, 2 बजे के बाद ही नमाज अदा की जाएगी।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में होली के त्यौहार को लेकर डीएम-एसपी ने विभागीय अधिकारियों व धर्मगुरुओं की बैठक ली। डीएम ने कहा कि 13 तारीख को होलिका दहन होगा व 14 तारीख को होली रंग और जुम्मे की नमाज भी होगी। डीएम ने कहा कि नमाज अदा करने का समय 2 बजे के बाद का तय हुआ है इस बात को धर्मगुरु और सभी जिम्मेदार लोग अपने-अपने क्षेत्र में बताएं ताकि किसी भी प्रकार का भ्रम में रहें। डीएम ने त्योहारों को लेकर कहा सबसे बड़ी प्राथमिकता जनपद की कानून व्यवस्था है, परंपरागत तरीके से ही त्योहार मनाए जाएंगे नई परंपरा को अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर यदि किसी ने सौहार्द बिगड़ने की कोशिश की उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने यह भी कहा कि जहां नमाज अदा होगी वहा सीसीटीवी कैमरे भी लगवा ले। उन्होंने शरारती तत्वों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने त्यौहार के दृष्टिगत शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारियों और ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को साफ सफाई के निर्देश दिये। डीएम ने होलिका स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए। डीएम ने जिम्मेदार लोगों से कहा कि यदि कहीं कोई बात आती है तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दे त्वरित कार्रवाई की जाएगी। एसपी राम सेवक गौतम ने कहा कि होली का रंग और जुम्मे की नमाज एक ही दिन पड़ रहा है। दोपहर 2 बजे के बाद नमाज अदा करने का समय तय हुआ है सभी जिम्मेदार अपने क्षेत्र में इस बात को बताएं। उन्होंने कहा की खुशी का त्यौहार है इसलिए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार संपन्न हो। होली रंग के दिन शराब की दुकान बंद रहेगी। बैठक में एडीएम संतोष कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह समस्त एसडीएम, सीओ, अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों सहित सभी धर्मगुरु मौजूद रहे।

# स्टेयरिंग फेल होने से पलटा सिलेंडरों से भरा डीसीएम, सडकों पर बिखरे सिलेंडर

## बलवा चौराहे पर टला बडा हादसा, मौके पर पहुंची पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम



एनपीटी संवाददाता

**शामली।** बलवा चौराहे पर स्टेयरिंग फेल जाने से सिलेंडरों से भरा एक डीसीएम पलट गया। डीसीएम के पलटते ही सिलेंडर भी सडक पर जा गिरे। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई सिलेंडर नहीं फटा नहीं तो बडा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची तथा किसी तरह डीसीएम को सीधा किया। सोमवार की सुबह लोनी से सिलेंडरों से भरा एक ट्रक सहारनपुर के नानौता जा रहा था। जब वह गांव बलवा चौराहे पर पहुंचा तभी अचानक चालक का संतुलन बिगड गया और डीसीएम डिवाइडर पर चढकर पलट गया जिससे उसमें लदे सिलेंडर भी धडाम से नीचे गिरने लगे। वह तो गनीमत रही कि गिरने के दौरान कोई सिलेंडर लीक नहीं हुआ नहीं तो बहुत बडा हादसा हो सकता था। आसपास से गुजर रहे लोगों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी जिस पर पुलिस व फायर ब्रिग्रेड की टीम भी तुरंत मौके पर पहुंची तथा किसी तरह चालक व परिचालक को बाहर निकाला। चालक ने बताया कि वह गाजियाबाद के लोनी से डीसीएम में करीब 360 सिलेंडर लेकर नानौता जा रहा था। बलवा चौराहे पर पहुंचते ही अचानक डीसीएम का स्टेयरिंग फेल हो गया और डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया। बाद में पुलिस ने किसी तरह डीसीएम को सीधा करवाया।

# माहौल में घुलने लगे हैं होली के रंग, चल रही तैयारियां

■ **सजी रंग, गुलाल, पिचकारियों की दुकानें, 13 मार्च को होली व 14 मार्च को मनाया जाएगा दुल्हैंडी**



एनपीटी संवाददाता

**शामली।** होली के रंग माहौल में घुलने शुरू हो गए हैं। होली को लेकर बाजार में भी तैयारी पूरी हो चुकी है। दुकानें रंग, गुलाल, पिचकारी और अन्य आइटमों से सज चुकी हैं और बाजारों में रौनक भी बढ़ने लगी है। होली के नजदीक आते-आते भीड़ बढ़ती जाएगी। वही होलिका स्थल पर होलिका डालने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। 13 मार्च को होली व 14 मार्च को रंगों का पर्व दुल्हैंडी का त्यौहार मनाया जाएगा जिसके लिए जहां लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी है वहीं बाजारों में भी होली को लेकर रौनक दिखाई देने लगी है। शहर के विभिन्न बाजारों में रंग-बिरंगे गुलाल, रंग, पिचकारियां, टोपी आदि की दुकानें भी सज गयी है। अभी तक बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदार ही होली के लिए रंग-गुलाल व पिचकारी आदि खरीदने आ रहे थे, लेकिन अब बाजार पूरी तरह गुलजार होने लगे हैं। स्कूलों में होली खेली जानी है जिसके लिए बच्चे भी पूरी तैयारी में जुटे हुए हैं। व्यापारी रमेश कुमार ने बताया कि होली में दो दिन का समय शेष रह गया है अब बिक्री बढ़ती ही जाएगी। उन्होंने बताया कि गुलाल व पिचकारियों की खरीददारी शुरू भी हो गयी है। उन्होंने यहां तरह के हर्बल गुलाल, पिचकारियां, राजस्थानी टोपी सहित अन्य आइटम उपलब्ध है जिनकी कीमत भी बेहद कम है। होली के लिए वैसे तो बाजार में विभिन्न प्रकार की टोपियां हैं, लेकिन राजस्थानी टोपी की मांग अधिक है। ऐसे में व्यापारियों ने इनका काफी स्टॉक मंगाया हुआ है। वहीं होलिका स्थलों पर भी होलिका की स्थापना की तैयारियां जोरों से है। युवा व बच्चे सूखे पेडों की टहनियां एकत्र कर उसे होलिका का रूप देने में जुटे हुए हैं।

# अधिवक्ता पर मुकदमें से आक्रोश, न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

■ **कोतवाली पुलिस पर लगाया अधिवक्ता पक्ष की रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप**

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** जिला बार एसोसियेशन ने कोतवाली पुलिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र सिंह के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करने व अधिवक्ता पक्ष की रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत भी रहे। जिला बार एसोसियेशन के अध्यक्ष राजपाल एडवोकेट ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र सिंह ढिंढाली के खिलाफ झूठी शिकायत कर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है जबकि अधिवक्ता पक्ष की रिपोर्ट कोतवाली पुलिस दर्ज नहीं कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अधिवक्ता पक्ष द्वारा दी गयी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तथा अधिवक्ता का नाम झूठे केस से नहीं हटाया जाता, तब तक अधिवक्ता हडताल करते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। सोमवार को अधिवक्ताओं ने इस मामले के विरोध में प्रदर्शन किया तथा न्यायिक कार्यों से भी विरत रहे। इस मौके पर एसोसियेशन के अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# गोगवान व सुन्हेटी में हरियाणा पुलिस की दबिश

**कैराना।** चोरी के वांछित आरोपियों की तलाश में हरियाणा पुलिस ने गाँव गोगवान व अकबरपुर सुन्हेटी में दबिश डाली। आरोपी हाथ न लगने पर टीम वापस लौट गई। सोमवार की दोपहर जनपद पनीपत के कस्बा मतलौडा थाना से एएसआई बंसीलाल व हैड कोस्टेबिल कुलदीप कुमार कैराना कोतवाली पहुँचे,जहां उन्होंने आमद दर्ज कराने के बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से क्षेत्र के गाँव गोगवान व अकबरपुर सुन्हेटी में चोरी के वांछित आरोपियों की तलाश में मतलौडा थाना से वांछित चल रहे आरोपी के मकान पर दबिश डाली।आरोपी हाथ न लगने पर हरियाणा पुलिस की टीम बैरंग लौट गई। बताया गया है कि मतलौडा में चोरी की घटना को अंजाम देकर शातिर चोर लंबे समय से फरार चल रहा है।

## संक्षेप समाचार :

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पीआरडी जवान घायल

कांधला। क्षेत्र के गांव खन्द्रावली निवासी घसीटाराम पीआरडी जवान है,जिसकी वर्तमान तैनाती स्थानीय थाना अंतर्गत एलम चौकी पर है। जवान सोमवार अपनी ड्यूटी कर वापिस अपने घर लौट रहा था। बीच रास्ते जवान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित जवान ने मामले की सूचना डायल 108 को दी। आरोप है कि डायल 108 द्वारा समय से पीड़ित को उपचार के लिए अस्पताल तक नहीं पहुंचाया गया। पीड़ित राहगीरों की मदद से किसी प्रकार कस्बे में पहुंचा,जहां पर थाने पर तैनात सिपाही योगेश कुमार और यशवीर सिंह ने घायल घसीटाराम को सीएचसी भर्ती कराया। घायल जवान की गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

### खेत पर काम कर रहे युवक पर कई लोगों ने किया हमला

कांधला। अपनी मां के साथ खेत पर काम कर रहे युवक पर गांव के ही कई लोगों ने हमला कर दिया। हमले में घायल युवक की मां ने आरोपियों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी उषा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने बेटे आशीष के साथ खेत पर कार्य कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस के ही कई लोग हाथों में लाठी,डंडे और धारदार हथियार लेकर आ गए और गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़िता के बेटे आशीष पर हमला कर दिया,जिसमें आशीष और ऊषा गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी मौके से कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल अवस्था में मां बेटे ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### गुरुदेव कॉलेज ऑफ आईटीआई में टैबलेट का हुआ वितरण



झिंझाना। गुरुदेव कॉलेज ऑफ आईटीआई जमालपुर में सरकार की डीजी शक्ति योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर आए थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि सभी छात्रों के माता पिता का एक ही सपना होता है कि पढ़ लिख कर उनकी होनहार संतान उच्च पद पर आसीन हो जाए। सोमवार को गुरुदेव कॉलेज ऑफ आईटीआई जमालपुर में सरकार की महत्वकांक्षी योजना डीजी शक्ति के तहत छात्रों को टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र शर्मा ने सभी छात्रों को मेहनत और लगन से ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों के माता पिता का एक ही सपना होता है कि पढ़ लिख कर उनकी होनहार संतान उच्च पद पर आसीन हो जाए, इसी सपने को मन में लाकर शिक्षा को पढ़ते जाना है, फिर कामयाबी झक मारकर तुम्हारे साथ होगी। कॉलेज के चेयरमैन शिव कुमार ने कहा कि सरकार की किसी भी योजनाओं का लाभ छात्रों तक पहुंचे उनका यही उद्देश्य है। इस मौके पर कॉलेज की प्रिंसिपल शालिनी शर्मा, आयुश चौहान, मोन्टी चौधरी, पंकज कुमार, रजत चौहान, अंकुर कुमार, शिवम चौहान, अनुज कुमार, राधिका उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में विवाद के बाद बीच फायरिंग



एनपीटी संवाददाता

**कांधला।** गढ़ी दौलत ईंट भट्ठे के निकट बाइक सवार दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने के बाद दोनों पक्षों में फायरिंग शुरू हो गई। पुलिस आरोपियों की धर पकड़ के लिए सीसी फुटेज खंगाल रही है।

सोमवार को गढ़ी दौलत ईंट भट्ठे के पास दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ जाने के बाद दोनों ओर से दर्जनों अन्य युवक धारदार हथियार व अवैध तमंचों सहित हुड़दंग मचाते हुए मौके पर पहुंच गए। मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच कई राउंड फायरिंग हुई। गोलियों की आवाज से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानो ने मामले की सूचना पुलिस को दी। बाइक सवार युवको के बीच गोलियां चलने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिसबल पहुंचने से पहले ही आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फायरिंग कर रहे लोगों की तलाश में जंगल में काबिंग की लेकिन आरोपियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा सका। वही पुलिस ने घटना स्थल से खोखा कारतूस भी बरामद किया है और अब पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

# परंपराओं से अलग नही मनाया जाएगा त्यौहार:एसडीएम

## पटाखा बुलेट बाइक संचालकों व मैकेनिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई: स्वप्निल कुमार यादव



एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** आगामी त्यौहार होली पर्व व जुमा की नमाज को लेकर कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दोनों समुदायों के धार्मिक गुरुओं के साथ साथ संभ्रांत लोग मौजूद रहे। सोमवार की शाम कोतवाली प्रांगण में आगामी त्यौहार व जुमा की नमाज को लेकर दोनों समुदायों व धार्मिक गुरुओं के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मानने की अपील की गई। एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव ने कहा कि कोई भी पर्व परंपराओं से हटकर नहीं मनाया जाएगा। कस्बे होली का जुलूस पुर्व समय से नहीं निकाला गया है। इस बार भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा।जल व प्रकाश व्यवस्था के लिए पालिका व विद्युत विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। समय से व्यवस्थाओं को दुरुस्त करा दिया जाएगा। प्रशिक्षणाधीन सीओ जितेंद्र कुमार ने कहा कि आपसी सौहार्द व प्यार के साथ त्यौहार मनाएं और एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि होली पर्व व पवित्र माहे रमजान के दूसरे जुमा की नमाज को देखते हुए जिला प्रशासन ने इस बार जुमा की नमाज दो बजे के बाद अदा करने की अपील की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि अगर कोई भी असमाजिक तत्व नजर आये तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। त्यौहारों व आमजन की सुरक्षा हमारा दायित्व है उन्होंने कहा कि पुलिस ने बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। गत दिनों दो बाइकों को पकड़ा भी गया है। अब बुलेट बाइकों को मोडिफाई करके सलेंसर बदलने वाले मैकेनिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पंडित दिवाकर, पंडित विनोद,पंडित राजीव शर्मा, व्यापारी संजय राजवंशी, फैजान कुरैशी, सभासद चौधरी मोहसिन, चौधरी तौसीफ, फुरकान अली, चौधरी रईस अहमद, चौधरी शादाब, बलवंत, आरिफ अंसारी मौजूद रहे।

### अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

कैराना: कोतवाली पुलिस ने बीस ग्राम अवैध स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार किया गया। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक सतीश प्रकाश पुलिस टीम के साथ खादर क्षेत्र में स्थित नदी के निकट चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोक कर उसकी तलाशी ली। जिसके पास से बीस ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता सरवर पुत्र लियाकत निवासी ग्राम बसेडा बताया। पुलिस ने आरोपी का चालान किया।

# स्टांप पेपर की कालाबाजारी जोरो पर

**एनपीटी संवाददाता कैराना।** स्टांप पेपरों की कमी को मद्देनजर रखते हुए सरकार ने ई स्टांप पेपर व्यवस्था शुरू की थी,जिससे आम आदमी को राहत प्रदान हो सके।बावजूद इसके आज भी कालाबाजारी का यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। सरकार द्वारा ई स्टांप पेपर व्यवस्था सुचारू करने के बाद भी स्टांप की कालाबाजारी रूकने का नाम नही ले रही है। कचहरी परिसर में आने वाले पीड़ितों की जेबों पर अनावश्यक बोझ डाला जा रहा है। पीड़ितों से मुंह मांगी रकम ली जाती है। पीड़ित मजबूर होकर 10 वाला स्टांप 30 व 50 वाला 70 में खरीदने को मजबूर हैं। शिकायतों के बावजूद भी कालाबाजारी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। आम आदमी को अनेकों कार्यों में स्टांप खरीदने की आवश्यकता पड़ती है,मगर उन्हें निर्धारित शुल्क से अधिक रकम चुकानी पड़ती है।

# चार मामलों में चार दोषी ठहराए

**एनपीटी संवाददाता कैराना।** न्यायालय ने चार अलग मामलों में चार आरोपियो को दोषी करार दिया। वहीं आठ हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। वर्ष 2012 में आरोपी रिजवान उर्फ बहरा पुत्र अब्दुल रहीम उर्फ अनीस निवासी मौहम्मदपुर राई के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने आरोपी को जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 1992 मे आरोपित सब्बल पुत्र यामीन मौहल्ला अकबराबाद बिजनौर के खिलाफ कैराना थाने में गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने आरोपी को जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2002 मे आरोपित संजीव उर्फ पन्दू पुत्र परसादा निवासी सैनपुर बुढाना के खिलाफ थाना कांधला पर आर्मस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। न्यायालय ने आरोपी को जेल में बितायी गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2002 मे आरोपी बगीचा सिंह पुत्र बल्लकार निवासी ग्राम डोकपुर के खिलाफ थाना कैराना में विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। न्यायालय ने आरोपी को अर्थदंड से दंडित किया गया। निर्धारित अर्थदंड अदा न करने पर दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

चौसाना, चौसाना पुलिस को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 100 लीटर देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम रामसेवक पुत्र भवर सिंह है, जो ग्राम खेड़ी जुनारदार, थाना झिंझाना का निवासी है।

**आवश्यकता है**

**दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स** में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना चौसाना बिडौली गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

**आदिल राणा**

जिला प्रभारी शामली

9082190000,9997173786

# पांथुपूरा में रात्रि में भी दो पक्ष आये आमने सामने

■ **शमशान से पेड काटने का हुआ विरोध, दौडी पुलिस**



एनपीटी संवाददाता

**चौसाना।** पांथुपूरा में होलिका स्थल पर उपलों व अन्य सामग्री को आग लगाने के मामले मे देररात्रि तक पुलिस दौडती रही। जानकारी के अनुसार पुलिस ने लोगो में फेले आक्रोश के दौरान होलिकास्थल पर दो उपले रखवा दिये थे लेकिन गांव के शरारती तत्वो ने मामले को हवा देने की नियत से शमशान स्थल पर खडे पेडो को काट दिया और होलिकास्थल पर ले जाने लगे तो दूसरे पक्ष के लोगो ने विरोध किया तो दोनो पक्षों ने कहासुनी होने लगी। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुँची तो मामला शांत हुआ।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव पांथुपुरा मे होली पूजन से पूर्व ही गलत मंशा से एक व्यक्ति ने उपलो मे आग लगा दी ,जिससे गांव में आक्रोश फैल गया। लोग लाठीडंडो के संग सैकड़ों ग्रामीण सडक पर आ गये और विरोध करने लगे। सूचना पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुँची ओर शान्ति व्यवस्था को बनाया। वही देररात्रि प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र शर्मा ने लोगो को समझा बुझाकर होलिकास्थल पर दो उपले रखवा दिये ताकि समय आने पर पूजन को सम्पन्न कराया जा सकें। लेकिन इसी दौरान कुछ शरारती तत्वो ने मामले को तूल देने के लिये शमशान की भूमि पर खडे कुछ पेडो को इसलिये कटवा दिया ताकि होलिका पर रखा जा सके। जिसका ग्राम प्रधान व दूसरे पक्ष के लोगो ने विरोध किया। दोनो पक्ष आमने सामने आ गये। सूचना पर रात्रि मे पुलिस फिर से मौके पर दौडी और दोना पक्षो को समझाकर शांत किया। काटी गई लकडियाॅ शमशान की भूमि पर ही पडी रही। वही ग्राम प्रधान अमित फोजी ने बताया कि गांव मे शान्ति है,किसी प्रकार का कोई बैर नही है। हम लोग साथ खडे होकर होली के त्यौहार को सम्पन्न करायेगें।

# डा. हरिओम की गजलों व मोनाली ठाकुर ने गानों पर मुग्ध हुए दर्शक

## बालीवुड गानों पर जमकर नाचते दिखे युवक व युवतियां, अधिकारियों ने उठाया लुत्फ, शामली महोत्सव में उमडी भीड





एनपीटी संवाददाता

**शामली।** शहर के वीवीपीजी में आयोजित शामली महोत्सव में गजल गायक डा. हरिओम ने गजलों व बालीवुड गायिका मोनाली ठाकुर ने अपने गानों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बडी संख्या में भीड उमडी। युवक व युवतियां गानों पर नाचते भी नजर आए।

जानकारी के अनुसार शहर के वीवी पीजी कालेज में आयोजित शामली महोत्सव में रविवार की रात डा. हरिओम ने अपनी गजलों तेरे प्यार का मारा हुआ हूं, सिकंदर हूं मगर हारा हुआ हूं, तुमने मिलने की आरजू भी है, पहले सोचा कि दिल जला डालूं फिर ये सोचा कि दिल में तो तू भी है, तेरे जलवों ने मुझे घेर लिया है, दोस्त अब तो तन्हाई के आलम हंसी होते हैं, तेरी गलियों का बंजारा हुआ हूं, पता मेरा हवा से पूछ लेना, में खुशबू बनके आवारा हुआ हूं आदि गजलें सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद बॉलीवुड गायिका मोनाली ठाकुर ने छम छम में नाचूं आज, हवा के झोंके आज मौसमो से रूठ गये, ये मोह-मोह के धागे, बद्री की दुल्हनिया, तुने मारी एन्ट्री आदि गानों पर अपना प्रदर्शन करते हुए स्थानीय और दूर दराज से आए दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इसके साथ ही सुचिता पाण्डेय व गोविंद कौशिक की भी भव्य प्रस्तुति रही। कार्यक्रम में बडी संख्या में भीड उमडी। युवक व युवतियां गानों पर नाचते भी नजर आए। कार्यक्रम में डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एसपी रामसेवक गौतम, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम संतोष कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव, एसडीएम ऊन निधि भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी व आम लोग मौजूद रहे।

## दाखिल - खारिज से जुड़े ऑनलाइन निष्पादन की तकनिकी समस्याओं का

# निराकरण करने हेतु विधायक ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड विधानसभा निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक मतों से विजयी रहे विधायक निशात अलम ने आम जनों की दाखिल खारिज /भूमि संबंधी समस्याओं से जुड़े ऑनलाइन प्रक्रिया की निष्पादन में समय -;अवधि के अन्तराल के दरमियान में न होने को लेकर विभिन्न बिंदुओं को ले झारखण्ड मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को ज्ञापन सौंप कर ऑनलाइन प्रक्रिया में झारभूमि वेबसाइट के माध्यम से हो रही परेशानियों का ध्यानाकर्षण कराया। विधायक ने ज्ञापन सौंप कर जनवरी 2025 में दाखिल- खारिज से सम्बन्धित ऑनलाइन प्रक्रिया में सीओ लागिन से ऑनलाइन नोटिस निर्गत कर राजस्व कर्मचारी के लोगिन में फॉरवर्ड किये गये दाखिल- खारिज मामले का राजस्व कर्मचारी के स्तर से जांच कर स्वीकृति/ अस्वीकृति हेतु अनुशंसा के साथ जब अंचल निरीक्षक के लोगिन में फॉरवर्ड तक किया जाता है, तब यह फॉरवर्ड नहीं हो रहा है। राजस्व कर्मचारी के लोगिन से अंचल निरीक्षक के लोगिन में फॉरवर्ड तक करने हेतु वाद वेरीफिकेशन क्लिक करने पर ईरर मैसेज 504 गेटवे टाइम आउट प्रदर्शित होता है और आगे फॉरवर्ड नहीं होता है। इस तकनीकी प्रोग्राम के समस्याओं की स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने आवश्यक कारवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने सौपे गये ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया है कि उल्लेखनीय तकनीकी समस्याओं के कारण माह जनवरी 2025 से दाखिल- खारिज या फिर भूमि संबंधी अनेकों कार्य करने में बाधित हो रही है। जिससे क्षेत्र के आमजन परेशान हो रहे हैं।

# डीसी मनीष कुमार ने कृषकों को साझा किया खेती सह-उद्यान की कई अहम तरकीब






**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), कृषी, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) उद्यान विकास योजना अन्तर्गत एक दिवसीय बहु आयामी कार्यशाला का आयोजन पाकुड़ स्थित रविन्द्र भवन में आयोजित हुई। जिसका उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार, डीडीसी महेशपुर कुमार संथालिया, जिला कृषि पदाधिकारी मृत्यंजय कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी सूचित एक्का, डीडीएम नाबार्ड ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यशाला के दौरान उद्यान से जुड़े विभिन्न फलदार पेड़ पौधे के खेती सह-उद्यान की विभिन्न आयामों को साझा किया गया। इस दिशा में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी उपस्थित किसानों को साझा किया गया। करीब 300 से अधिक संख्या में उपस्थित कृषकों को उपायुक्त मनीष कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रायः देखा जाता है कि ज्यादातार किसान धान व गेहूं की खेती ही करते है। उपायुक्त ने किसानों को फल, फूल, सब्जी, स्ट्रॉबेरी आदि की खेती के प्रति जागरुक किया। विभाग भी समय समय पर किसानों को प्रशिक्षित करे, ताकि किसान खेती से अपनी आय बढ़ा सकें। कार्यशाला का उद्देश्य खेती के प्रति जागरुक करना है। किसान हॉटिकल्चर तरीके से खेती कैसे करे, उन्नत तकनीक के माध्यम से खेती कैसे करें, खेती से अपनी आय किसान कैसे बढ़ा सकें। इसके लिए जागरुक करने का माध्यम कार्यशाला है। किसान हॉटिकल्चर तरीके से सब्जी के साथ फल और फूल की भी खेती कर सकते है। केन्द्र व राज्य सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। वही उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने किसानों को उन्नत तकनीक से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला उद्यान पदाधिकारी प्रसनजीत महतो ने उद्यान विकास एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मधुमक्खी पालन योजना के बारे में चर्चा किया गया तथा लाभ प्रदान करने हेतु चर्चा किया गया। समूह में (क्लस्टर) पे खेती करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया।

# पत्नी ने सहयोगी के साथ पति को ही पीट-पीटकर मार डाला



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्गत सेजा गांव में कथित तौर पर कहे जाने वाली पत्नी ने अपने सहयोगी सोना हांसदा के साथ मिलकर वार्ड पार्षद रसिक मरांडी का लगभग 26 वर्षीय पुत्र बेमिसाल मरांडी को देर रात बेरहमी से पीट-पीट कर मार डाला। मृतक बेमिसाल मरांडी के पिता रसिक मरांडी ने बताया कि मृतक की कथित पत्नी साहिबगंज जिले के ढाटापाड़ा गांव की रहने वाली है। वह किसी काम से सेजा के ही सोना हांसदा के घर आई थी। खबर मिलने पर उनके पुत्र बेमिसाल मरांडी अपनी पत्नी को लाने के लिए सोना हांसदा के घर गई, जहां किसी बात को लेकर आपस में तू-तू में में हुई। फिर सुनसान जगह देख तालाब के किनारे ले जाकर बेरहमी से बेमिसाल मरांडी को पीट-पीट कर मार डाला। सूत्रों की माने तो ये घटना प्रेम प्रसंग के कारण घटित हुआ है। खबर मिलते ही गांव के प्रधान रामेश्वर मरांडी ने कथित आरोपी दोनों महिलाओं को एक पेड़ से बांध कर रखा और घटना की सूचना पाकुड़ मुफ्फसिल थाना पुलिस को दी गई। वही वृतांत की सूचना मिलते ही थाना के एसआई अनंत साहा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया और फिर दोनों आरोपी महिलाओं को थाना ले आया। घटना स्थल पर आवश्यक पूछताछ की।

साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सोनाजोड़ी भेज दिया गया। एसआई अनंत साहा ने बताया कि दो महिलाओं को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है और घटना को लेकर अनुसंधान की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आगे की कारवाई कर रही थी।

# कालाजार नामक बीमारी से निपटने को ले की गई कार्यशाला



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ एमओआईसी डॉक्टर गुफरान आलम की अध्यक्षता में आईआरएस की एक दिवसीय कार्यशाला/ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में ट्रेनर राज किशोर प्रसाद, केटीएस एवं शान्तानु मण्डल, एमपीडब्ल्यू व फखरुद्दीन अहमद, एमपीडब्ल्यू के द्वारा एसडब्ल्यू एवं एफडब्ल्यू को प्रशिक्षण/कार्यशाला के दौरान कालाजार से बचने के तरकीब सहित अन्य अवयवों को विस्तृत रूप से जानकारी साझा किया। ट्रेनरों ने बताया कि बालू मक्खी से कालाजार नामक बीमारी होती है। और बालू मक्खी मारने के लिए ही 18 मार्च से कीटनाशी छिड़काव किया जायेगा। जिससे बालू मख्खी मर जाता है। ट्रेनरों बताया कि पाकुड़ प्रखण्ड के 32 गांव में कीटनाशी छिड़काव किया जायेगा, ताकि बालू मख्खी मर जाये और कालाजार नामक बीमारी की खौफनाक मंजर से पाकुड़ वासी सदा के लिए बचे रहे।

# कुपोषण एवं एनिमया से निपटने की पोषण जागरूकता रथ को डीसी - डीडीसी ने दिखाया हरी झंडी



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), समर अभियान योजना 2025 के अन्तर्गत सोमवार को उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा कुपोषण एवं एनिमया से निपटने के लिए पोषण जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने कहा कि पोषण रथ के द्वारा बच्चों के कुपोषण से बचाव, एनीमिया से बचाव एवं कुपोषण मुक्त झारखंड के तहत झारखंड सरकार के समर कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह रथ कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए जागरूकता पैदा करेगा, खासकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए।।जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को कुपोषण के कारणों, लक्षणों और रोकथाम के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह जागरूकता रथ विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों और गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा, साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाली गतिविधियों के बारे में भी जानकारी देगा।

# बीडीओ के निर्देश पर बीपीओ ने सीएसओ जीवी दा हासा की टीम के साथ किया बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मनरेगा योजना के सफल संचालन हेतु सहयोगी सीएसओ जीवी दा हासा के साथ बीपीओ ट्विंकल चौधरी ने बैठक किया। बैठक में जीवी दा हासा की पूरी टीम के साथ प्रोजेक्ट इंचार्ज उज्जवल सरकार एवं टीम लीडर नयन कुमार शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से बिरसा हरित ग्राम योजना के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बीपीओ ने जीवी दा हासा के सहयोग से अब तक स्वीकृत एवं क्रियान्वित बिरसा हरित ग्राम योजना की सूची उपलब्ध कराते हुए योजना में ट्रेंच कटिंग, लाइव फेंसिंग, एच टेका, जलकुंड एवं नाडेप जैसी अन्य क्रियाकलापों में लाभुकों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। बीपीओ ने कहा कि लाभुकों को कार्य की तकनीकी जानकारी के लिए मोबिलाइज करना, उनसे आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए प्रेरित करना ही जीवी दा हासा का मुख्य उद्देश्य है जिसपर खरा उतरना पूरी जीवी दा हासा टीम का लक्ष्य होना चाहिए। बीपीओ ने बिरसा हरित ग्राम योजना के वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्य 250 एकड़ में आम बागवानी, मिक्स्ड फ्रूट बागवानी, अन्य फलदार बागवानी, मोरिंगा बागवानी इत्यादि करने हेतु उपयुक्त लाभुकों का चयन एक सप्ताह में करने को कहा गया तथा अब तक के सभी बिरसा हरित ग्राम योजना लाभुकों का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने हेतु पूरी टीम को निर्देश दिया गया।

## नगर परिषद, पाकुड़ क्षेत्र के फोटोयुक्त मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन, 11 मार्च से 20 मार्च तक कर सकते हैं वेरीफिकेशन

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रांची के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2025 के निमित्त प्रपत्र-4 में तैयार फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 (यथासंशोधित) के नियम 14 के अनुसार विहित स्थानों, यथा शहरी स्थानीय निकायों के कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, पाकुड़, समाहरणालय पाकुड़ एवं वार्ड कार्यालयों में 10 मार्च 2025 को कर दिया गया है। प्रारूप मतदाता सूची (फोटो रहित) पाकुड़ जिला के अधिकारिक वेबसाईट, ँ३३स्र२://स्त्रं'४१.ल्ल्रू.ल्ल पर भी अपलोड है। प्रारूप मतदाता सूची विनिर्दिष्ट स्थानों पर मतदाताओं के निरीक्षण हेतु लगातार 10 दिनों तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्रकाशित रहेगा। प्रकाशित मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति 11 मार्च 2025 से 20 मार्च 2025 तक प्राप्त किया जायेगा। यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो उक्त स्थल पर प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक को प्रपत्र 'क' (परिशिष्ट-1) एवं प्रपत्र 'ख' (परिशिष्ट-2) में अपना दावा-आपत्ति लिख कर प्रस्तुत कर सकेगा।

## पाकुड़ रेलवे स्टेशन से गांधी चौक समेत शहरी क्षेत्रों में निकाला गया प्रभात फेरी

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में आज सोमवार को पाकुड़ रेलवे स्टेशन से गांधी चौक होते हुए शहरी क्षेत्रों में नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के बीच कानूनी जागरूकता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता पर प्रकाश डाला गया। प्राधिकार से संबंधित कई प्रकार के जागरूक पर्चा वितरण किया गया। बाल विवाह,बाल श्रम,डायन प्रथा, समेत साइबर ठग से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। पीएलवी द्वारा कहा गया कि नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 पर कानूनी संबंधित मुफ्त सलाह प्राप्त कर सकते है। सरकारी योजनाओं पर भी जागरूकता फैलाई गई। मौके पर पीएलवी कमला राय गांगुली, उत्पल मंडल, एजारुल शेख, मैनुल शेख, सायेम अली, चंद्र शेखर घोष, खुदू राजवंशी, नीरज कुमार राउत उपस्थित रहे।

# डीसी ने भूमि संरक्षण विभाग के कार्यों की किया समीक्षा

बीते सोमवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में भूमि संरक्षण पदाधिकारी, पाकुड़ द्वारा वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में चल रहे तालाब जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग निर्माण योजनाओं विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। उपायुक्त द्वारा भूमि संरक्षण पदाधिकारी को विभाग द्वारा चल रहे तालाब जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग निर्माण योजनाओं में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत योजनाओं का कार्यान्वयन किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कृषि यांत्रिकीकरण योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों को जांचोपरान्त अनुमोदन लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, अमड़ापाड़ा, पाकुड़ सूचित एक्का, कनीय अभियंता असगर अली एवं कनीय अभियंता संजीव कुमार महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

**अपील** ■ शान्तिपूर्ण वातावरण में रंगों की त्यौहार होली पर्व मनाने हेतु की अपील

# संदिग्ध गतिविधि व मनचलों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), रंगों की त्यौहार होली पर्व को शान्ति पूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाने को ले नगर थाना सभागार में शान्ति समिति की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान रंगों की त्यौहार होली पर्व को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाने, अप्रिय गतिविधियों से दूरी बनाए रखते हुए सबों को मिलजुल कर रंगों की त्यौहार होली पर्व मनाने पर सहमति बनी। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्ति ने अपनी- अपनी सुझाव को बैठक में पेश किया। तदोपरांत निर्णय लिया गया कि अपने -अपने समाज में किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की इश्यू आने पर प्रशासन को तुरंत सुचित करे, ताकि उन गतिविधियों पर रोक लगाते हुए संलिप्त व्यक्तियों पर कठोरात्मक कारवाई की जा सके। साथ ही यह भी सहमति बनी की रगों की होली पर्व मनाने के दौरान किसी समाज में हुड़दंग करने वाले मनचलों की गतिविधि पर तुरंत पुलिस को सूचना दे, ताकि त्वरित कारवाई करते हुए उसी समाज में जाकर ही हुड़दंग करने वाले मनचलों पर कठोर कारवाई की जा सके। वही एसडीपीओ डीएन आजाद ने कहा कि बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति के द्वारा कई सुझाव पेश किया गया, सभी ने आपसी भाईचारे के साथ रंगों की त्यौहार होली पर्व शान्ति पूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाने, असमाजिक तत्वों/ हुड़दंग करने वाले मनचलों पर पैनी नजर रखते हुए होली पर्व मनाने, किसी समाज हुड़दंग करने वाले मनचलों के द्वारा अप्रिय गतिविधि उत्पन्न करने पर उसी समाज में ही उनपर पुलिस प्रशासन जाकर उनपर कठोर कारवाई की जायेगी।

साथ ही उन्होंने कहा कि 13, 14 व 15 मार्च 2025 तक किसी भी सुरात में डीजे नहीं बजना चाहिए, यदि ऐसा पाया गया तो पुलिस कठोर कारवाई करेगी। बैठक में थाना प्रभारी प्रयाग राज, एएसआई दीलिप कुमार बास्की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, भाजपा वरीष्ठ नेता हिसाबी राय, ए. गंगूली, शाहीन परवेज, फारुख शेख, जौहर सिंह, बेलाल शेख, अनिकेत गोस्वामी अन्य समेत मीडिया के साथी मौजूद थे।

# पूर्व पार्षद ललित कश्यप ने किया नगर निगम डीजल चोरी करने वालों का पदार्फाश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो





गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सभी विभागों के वाहनों को नंदग्राम स्थित सरकारी पेट्रोल पंप के माध्यम से डीजल की आपूर्ति की जा रही है, जिसमें 2000 लीटर डीजल की चोरी के प्रकरण की पूर्व पार्षद ललित। कश्यप ने बताया कि कई दिन से मेरे पास इसकी सूचना आ रही थी कि 2000 लीटर डीजल की चोरी से सप्लाई।किया जा रहा है हमें इसकी सूचना प्राप्त हुई कि यह गौर सिटी नोएडा में सप्लाई कर रहा है। जब हमने। पूछताछ की तो पूछताछ करने पर पता चला कि यह रोजाना सप्लाई करता है। ललित कश्यप ने कहा। छोटे अधिकारियों पर तो कार्रवाई हो जाती है पर बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती बड़े अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। जिससे पता चल सके कि किसकी सहमति से यह काम किया जा रहा था। ) अधिकारियों को प्राप्त हुई तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की गई, मौके पर महापौर द्वारा भी जाकर प्रकरण की जानकारी ली गई, नंदी गौशाला के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर सुपरवाइजर संजय जो की स्थाई कर्मचारी है तत्काल निलंबित किया गया, तथा दो आउटसोर्सिंग कर्मचारी सत्येंद्र तोमर तथा सत्येंद्र पोद्दार को बर्खास्त भी किया गया है, पेट्रोल पंप पर निगरानी बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा पेट्रोल पंप की बाउंड्री करने के निर्देश दिए गए तथा पेट्रोल पंप का सभी डाटा डिजिटल करने के निर्देश टीम को दिए गए'

# अतिक्रमण के खिलाफ महाभियान में दो लाख वसूले

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



साहिबाबाद : शालीमार गार्डन में सोमवार को नगर निगम गाजियाबाद की पांचो जोन की टीम ने मिलाकर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमे सड़क पर दुकान आग फैले अतिक्रमण को हटाया गया। सभी जोन के जोनल अधिकारी अपनी टीम के साथ मौजूद थे। मोहन नगर जोनल प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ यह महाभियान नगरायुक्त के आदेश पर चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को इस अभियान से नगर निगम ने दो लाख रुपए की रकम के चालान काटे। जिसमें दो लाख वसूले गए।

# गाजी पुर गांव के युवक की गोली मार कर हत्या

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



पूर्वी दिल्ली - गाजी पुर गांव के रोहित चावड़ा नामक युवक की कुछ लोगों से डेयरी फार्म में बीती रात आपसी कहासुनी हो गई थी। उसके बाद वह अपने घर आ भी गए। फिर भी रात को ही अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। जैसे ही यह खबर आग की तरह फैली सुबह 9 बजे से गांव वालों और परिजन विरोध स्वरूप मेरठ एक्सप्रेस वे पर धरना दे कर बैठ गए। जिससे दूर किलोमीटरों तक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, ओर वाहनों की लंबी दूरी तक की लाइन लग गई। वाहन चालकों यात्रियों की ओर प्रदर्शनकारियों की भिड़ंत होते होते बची।

पुलिस ने स्थिति को बमुशिल स्थिति को संभाला, क्योंकि हमलावर दूसरे समुदाय के बताए जा रहे थे। परिजनों की मांग थी कि अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने समझा बुझा कर जाम खुलवाया।

पुलिस टीम द्वारा दो लोगों गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है, आपसी रंजिश का मामला नजर आता है। बाकी अन्य अपराधियों की तलाश ओर जांच जारी है।

# : '17 मार्च तक गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करे सरकार, नहीं तो...' अविमुक्तेश्वरनांद सरस्वती का बड़ा एलान



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सरकार 17 मार्च तक गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करें और पूरे देश में गौ हत्या प्रतिबंधित करवाएं। 17 मार्च को दिनभर प्रतीक्षा के बाद सकारात्मक परिणाम न आने पर वह कठोर निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे।

पांडवनगर स्थित सुखसागर फार्म में जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को एलान किया है कि अगर सरकार गौ रक्षा पर ठोस कानून बनाने के लिए अपना रुख साफ नहीं करती है तो वह 17 मार्च को रामलीला मैदान में धरना देंगे। वह दिल्ली रामलीला मैदान में वह सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक बैठेंगे और जब तक सरकार का प्रतिनिधि वहां पहुंचकर गौ रक्षा के लिए कानून बनाया जाने पर अपना रूख साफ नहीं करेगा, तब तक वह बैठे रहेंगे।

उन्होंने कहा कि शाम तक अगर सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया तो वहीं से वह कठोर रणनीति तैयार कर उसकी घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार गौ रक्षा के नाम पर सत्ता में आई, वादा किया था कि वह गौ हत्या पर कड़े कानून बनाएगी, गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करेंगी लेकिन जब से वह सत्ता में आई है वह इन सभी वादों को भूल गई है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सरकार 17 मार्च तक गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करे और पूरे देश में गौ हत्या पूर्णत प्रतिबंधित करवाये। 17 मार्च को दिनभर प्रतीक्षा के बाद सकारात्मक परिणाम न आने पर वह कठोर निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान डासना मंदिर के पीठाधीश्वर यति नरसिंहानंद सरस्वती, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश आहूजा, राष्ट्रीय प्रवक्ता रेखा चौधरी शैलेंद्र योगीराज सहित अन्य मौजूद रहे।

# धुएं की समस्या के चलते विधायक पंकज सिंह ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



नोएडा। सेक्टर 32 नोएडा में प्राधिकरण द्वारा बनाये गए अस्थायी ग्रीन डिस्पोजल ग्राउंड में 2 दिन पहले आग लगने से भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस परेशानी को देखते हुए नोएडा विधायक पंकज सिंह ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों व स्थानीय निवासियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान आग बुझाने के बाद भी लगातार निकल रहे धुँए पर जल्दी काबू पाने व भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए मौके पर उपस्थित प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान वहां पर महेश चौहान, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा अमित त्यागी, पूर्व अध्यक्ष एन पी सिंह, सुशील शर्मा, महेश अवाना, ओमवीर अवाना, विपुल शर्मा, बबलू यादव, प्रदीप चौहान, गौतम शर्मा सहित स्थानीय निवासी एवं प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेना की जमीन के कब्जे के मामले में जांच तेज, बड़ा सवाल- किसकी शह पर रातोंरात हुआ अतिक्रमण

हापुड़। एसपी ने सीओ जितेंद्र शर्मा को मामले की जांच सौंपी है। बताया जा रहा है कि एक पुलिस अधिकारी की मिलीभगत के कारण ही यह कब्जा हुआ।

हापुड़ नगर के फ्रीगंज रोड स्थित सेना के पड़ाव की 696 वर्ग गज जमीन पर कब्जे के मामले में जांच तेज हो गई है। एसपी ज्ञानंजय सिंह के आदेश पर सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा के निर्देशन में मुकदमे की जांच होगी। लेकिन इस मामले में यह सवाल बड़ा है कि आखिर किसकी शह पर रातोंरात सेना की इस भूमि पर कब्जा हो गया।

सेना की इस भूमि की कीमत करोड़ों रुपये में है। जमीन की चहारदीवारी या तारबंदी भी नहीं कराई गई। लेकिन इस जमीन पर आए दिन कब्जे होना शुरू हो गए। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, आर्मी लैंड की करीब 30 एकड़ जमीन राष्ट्रपति के आदेश से पहले ही बेची जा चुकी है। जबकि, 5.5 एकड़ यानि कि लगभग 22 हजार वर्ग मीटर जमीन शेष है। शुक्रवार देर रात जिला मेरठ के थाना टीपी नगर क्षेत्र के गगन विहार का अभिषेक त्यागी व अन्य लोगों व कामगारों के साथ सेना के पड़ाव की करीब 696 वर्ग गज जमीन पर चहारदीवारी कर कब्जा कर लिया।

लेकिन बताया जा रहा है कि एक पुलिस अधिकारी की मिलीभगत के कारण ही यह कब्जा हुआ। हालांकि इसकी जांच एसपी ने सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा को सौंपी है। लेकिन सवाल यह है कि एक लेखपाल की सूचना के बाद जैसे ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तो कब्जाधारी मौके से फरार हो गए थे। जिसके बाद जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

# IGI खास एयरपोर्ट के क्लब में शामिल, एशिया प्रशांत क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का मिला खिताब

नई दिल्ली। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 4 करोड़ से अधिक प्रति वर्ष की क्षमता रखने वाले एयरपोर्ट की श्रेणी में आईजीआई एयरपोर्ट सबसे बेहतर है।

इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया के खास एयरपोर्ट के क्लब में शामिल हो गया है। दिल्ली एयरपोर्ट को एशिया प्रशांत क्षेत्र (एशिया पैसेफिक) का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट चुना गया है। सातवीं बार इस खिताब से इसे नवाजा जा चुका है। इस पुरस्कार से विमानन उद्योग में इस एयरपोर्ट की भूमिका और अधिक मजबूत हुई है। प्रति वर्ष की क्षमता रखने वाले एयरपोर्ट की श्रेणी में आईजीआई एयरपोर्ट सबसे बेहतर है। आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्रियों को दी जाने वाली सभी सेवाएं एशिया पैसिफिक में सबसे बेहतर रही हैं।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 4 करोड़ से अधिक प्रति वर्ष की क्षमता रखने वाले एयरपोर्ट की श्रेणी में आईजीआई एयरपोर्ट सबसे बेहतर है। आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्रियों को दी जाने वाली सभी सेवाएं सबसे बेहतर रही हैं। एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) एयरपोर्ट एक्सपीरियंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। देशभर के 400 से अधिक एयरपोर्ट ने भाग लिया था। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) ने अपने सर्वे में पाया कि प्रति वर्ष 4 करोड़ यात्रियों की क्षमता रखने वाले एयरपोर्ट की श्रेणी में आईजीआई एयरपोर्ट सबसे बेहतर है।

यात्रियों को दी जाने वाली सभी सेवाएं एशिया पैसिफिक में सबसे बेहतर रही हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार का कहना है कि एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान इस बात का गवाह है कि आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सेवाएं और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

# महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी का एलान, जंतर-मंतर पर मौलाना मदनी के साथ मनाएंगे होली

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद में शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि इस बार हमारी होली जंतर-मंतर पर ही मनाई जाएगी।

शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने शिवशक्ति धाम डासना से एक वीडियो जारी करके मौलाना मदनी और उसके समर्थकों को चुनौती दी है।

महामंडलेश्वर ने कहा कि मुसलमानों के बाप दादा अपना हिस्सा लेकर पाकिस्तान जा चुके हैं। हिंदुओ के पूर्वजों ने अपने हिस्से की जमीन पर यहां अपनी अज्ञानता जनित सद्भावना के कारण मुसलमानों को यहां रख लिया था। परंतु अब अपनी वह इस बचे हुए भारत पर भी कब्जा करना चाहते हैं।

उन्होंने वीडियो में कहा है कि हिंदुओं के पवित्र त्यौहार होली से एक दिन पहले जंतर-मंतर को शाहीन बाग बनाने की कोशिश करके मौलाना मदनी और उसके साथियों ने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। शाहीन बाग में जिस तरह से सरकार को डरा दिया गया, अब वो ही प्रयोग मौलाना मदनी दोबारा करना चाहते हैं पर अब ये संभव नहीं है।

दिल्ली सरकार इनकी तादात से डर कर कहीं वक्फ बोर्ड पर हो रहे संशोधन के मामले में कोई समझौता न कर ले, इसलिए वहां हमारा होना बहुत जरूरी है और हम वहां बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से विरोध करेंगे। इस बार हमारी होली जंतर-मंतर पर ही मनाई जाएगी। उन्होंने 13 मार्च को दिल्ली जंतर-मंतर पर आने और इनकी गुंडागर्दी का विरोध करने का आह्वान किया।

# साथी फाउंडेशन एवं रेडीको खेतान लिमिटेड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



गाजियाबाद। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक बार फिर से गाजियाबाद चचाओं में रहा, जब साथी फाउंडेशन एवं रेडीको खेतान लिमिटेड द्वारा यह कार्यक्रम आईएमटी कॉलेज में रखा गया। साथी फाउंडेशन की फाउंडर मेंबर काजल छिब्बर द्वारा बताया गया कि हर साल वह कार्यक्रम करती हैं जिसमें महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष भी उन्होंने इसको दोबारा नई कलम से लिख डाला, जब 10 अलग-अलग क्षेत्र की तीन-तीन महिलाओं को लेकर कुल 30 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसमें इन्होंने इस बार डॉक्टर, पुलिसकर्मी, अधिवक्ता, शिक्षिकाएं , नर्सिंग स्टाफ, बैंक कर्मी, प्रिंसिपल जैसे क्षेत्र के दिग्गज लोगों को गाजियाबाद की उपजिला अधिकारी गंभीर सिंह की धर्मपत्नी अनीता द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी लोगों के चेहरे खिल उठे एवं सभी ने अपने जीवन के संघर्ष एवं अपने जीवन में किस प्रकार इस मुकाम पर पहुंचे हैं यह बातें भी सभी के साथ साझा की। कार्यक्रम में मधुरानी ,सलोनी मल्होत्रा, रश्मि, पूजा, वंदना, गीतिका, शालिनी सिंह एलेनहाउस पब्लिक स्कूल, डॉ नीलिमा पॉल, करिश्मा गौड़, डॉ दिव्या द्विवेदी, डॉ नीलू खनेजा, ज्योति चौहान, शशि बाला, नमिता सक्सेना, शिवि शर्मा, श्वेता जैन ,शिवकाली धुर्वे एनडीआरएफ, कविता एनडीआरएफ , मंजू एनडीआरएफ, आकांशा यादव, मीनाक्षी मट्टा एवं अन्य मौजूद रहे। मंच संचालन वाणी शर्मा द्वारा संभाला गया।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी› प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।